CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 | अंक - 266 | राजनांदगांव, गुरूवार 14 अगस्त 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## रोहतास ग्रुप के लखनऊ में छह और दिल्ली के दो ठिकानों पर ईडी की छापेमारी, मनी लांड्रिंग का आरोप

### घर खरीददारों से 248 करोड़ धोखाधड़ी करने का मामला, प्रमोटर 4 साल से हैं फरार

नई दिल्ली। रोहतास प्रोजेक्ट्स लिमिटेड से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी की टीम बुधवार को दो राज्यों के आठ जगहों पर छापेमारी की। ईडी की टीम एक कंपनी के लखनऊ में छह और दिल्ली में दो परिसरों पर तलाशी ले रही है। कंपनी के सभी प्रमोटर पीयूष रस्तोगी, परेश रस्तोगी और दीपक रस्तोगी, पिछले चार वर्षों से फरार हैं। साक्ष्य के अभाव और उनके द्वारा नियमों का पालन न करने के कारण कोई कुर्की नहीं की जा सकी है। साक्ष्य एकत्र करने और कुर्की के लिए सबूत जुटाने के लिए ये छापेमारी चल रही है।




#### निवेशकों से 248 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

जानकारी के मुताबिक, ईडी ने निवेशकों से 248 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में मनी लांड्रिंग की जांच के तहत उत्तर प्रदेश स्थित एक रियल्टी समूह के खिलाफ बुधवार को छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि 'रोहतास प्रोजेक्ट्स लिमिटेड' के खिलाफ मामले में लखनऊ में कम से कम आठ और दिल्ली में दो परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई मनी लांड्रिंग अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है। मनी लांड्रिंग का यह मामला 2021 से घर/व्यावसायिक स्थान खरीदने वालों द्वारा दर्ज कराई गई 87 प्राथमिकियों से जुड़ा है। इन प्राथमिकियों में आरोप लगाया गया है कि खरीदारों के साथ धोखाधड़ी की गई और उन्हें उनकी संपत्तियां नहीं दी गईं। सूत्रों ने बताया कि 'यूपी रेरा' (उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण) द्वारा किए गए फोरेंसिक ऑडिट के अनुसार, इस मामले में ''अपराध से अर्जित आय'' 248 करोड़ रुपये है।

#### कांग्रेस विधायक के परिसरों में भी रेड

वहीं एक दूसरे मामले में कर्नाटक में कांग्रेस के विधायक सतीश कृष्ण सैल के खिलाफ लौह अयस्क के कथित अवैध निर्यात से संबंधित एक मामले में ईडी ने छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि मनी लांड्रिंग अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कर्नाटक, गोवा और मुंबई में कम से कम 15 परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं। सैल उत्तर कन्नड़ (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सावरकर पर बयान के कारण जान का खतरा, महात्मा गांधी की हत्या का जिक्र कर राहुल गांधी ने दी याचिका

नई दिल्ली। वीर सावरकर पर की गई टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे आपराधिक मानहानि मामले में उनके वकील ने पुणे कोर्ट में एक याचिका दाखिल की है। जिसमें गांधी की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की गई है। विनायक सावरकर पर टिप्पणी के कारण पुणे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला चल रहा है। इसी मामले में पुणे की एक विशेष सांसद-विधायक अदालत ने बुधवार को राहुल गांधी के वकील की ओर से दायर एक याचिका को रिकॉर्ड में लिया। इस याचिका में राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर आशंका व्यक्त की गई है।



याचिका में कहा गया है कि खासकर कथित वोट चोरी का पर्दाफाश करने के बाद सुरक्षा से जुड़ी आशंका और बढ़ गई है। वकील मिलिंद पवार ने अपनी याचिका में कहा है कि कैसे भाजपा नेता आरएन बिट्टू ने गांधी को आतंकवादी कहा है। एक अन्य भाजपा नेता तरविंदर मारवाह ने भी खुली धमकी दी है। उन्होंने कहा है कि गांधी को अच्छा व्यवहार करना चाहिए अन्यथा उनका भी अपनी दादी जैसा ही हश्र होगा। इसके अलावा, पवार ने इस मामले में शिकायतकर्ता सत्याकि का सावरकर और गोडसे परिवारों से संबंधित होने की भी चर्चा की है। राहुल गांधी के वकील ने कहा है कि वे अपने प्रभाव का दुरुपयोग कर सकते हैं। याचिका में कहा गया है, शिकायतकर्ता के वंश से जुड़ी हिंसक और संविधान विरोधी प्रवृत्तियों और मौजूदा राजनीतिक माहौल को देखते हुए, यह स्पष्ट, उचित और पर्याप्त आशंका है कि गांधी को विनायक सावरकर की विचारधारा को मानने वाले व्यक्तियों की ओर से नुकसान पहुंचाया जा सकता है। याचिका में कहा गया है कि महात्मा गांधी की हत्या आवेग में की गई कार्रवाई नहीं थी, बल्कि यह एक साजिश का परिणाम था। यह एक एक विशिष्ट विचारधारा पर आधारित थी। इसकी परिणति एक निहत्थे व्यक्ति के खिलाफ जानबूझकर की गई हिंसा में हुई।

#### इतिहास को खुद को दोहराने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए: राहुल गांधी

याचिका में कहा गया, मानहानि मामले के याचिकाकर्ता के गंभीर इतिहास को देखते हुए, बचाव पक्ष को वास्तविक और उचित आशंका है कि इतिहास को खुद को दोहराने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। आवेदन में कहा गया है कि गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं और उन्होंने हाल ही में नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर देश के सामने चुनाव आयोग द्वारा चुनावी धोखाधड़ी के सबूत रखे थे। उन्होंने संसद परिसर में वोट चोर सरकार जैसे नारे लगाते हुए धरना भी दिया। आवेदन में कहा गया है, इसके अलावा, हिंदुत्व के विषय पर संसदीय बहस के दौरान, प्रधानमंत्री और राहुल गांधी के बीच तीखी बहस (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## श्री बांके बिहारी मंदिर न्यास गठन के अध्यादेश को विधानसभा की मंजूरी, चढ़ावा, संपत्ति और प्रशासन का मिला हक

लखनऊ। यूपी विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन बांके बिहारी मंदिर निर्माण आर्डिनेंस को मंजूरी मिल गई। सदन में बुधवार सुबह 11 बजे विकसित भारत, विकसित यूपी विजन डॉक्यूमेंट 2047 पर लगातार 24 घंटे की चर्चा शुरू हो गई है।



इसमें सरकार विभागवार उपलब्धियां और विजन रख रही है, जबकि विपक्ष के सवालों का दौर भी जारी है। इस दौरान सत्र में बांके बिहारी कॉरिडोर आर्डिनेंस विधेयक भी पास हो गया है।

अध्यादेश स्पष्ट करता है कि मंदिर के चढ़ावे, दान और सभी चल-अचल संपत्तियों पर न्यास का अधिकार होगा। इसमें मंदिर में स्थापित मूर्तियां, मंदिर परिसर और प्रसीमा के भीतर देवताओं के लिए दी गई भेंट/उपहार, किसी भी पूजा-सेवा-कर्मकांड-समारोह-धार्मिक अनुष्ठान के समर्थन में दी गई संपत्ति, नकद या वस्तु रूपी अर्पण, तथा मंदिर परिसर के उपयोग के लिए डाक/तार से भेजे गए बैंक ड्राफ्ट और चेक तक शामिल हैं। मंदिर की संपत्तियों में आभूषण, अनुदान, योगदान, हुंडी संग्रह सहित श्री बांके बिहारी जी मंदिर की सभी चल एवं अचल संपत्तियां सम्मिलित मानी जाएंगी। सरकार ने कहा है कि न्यास का गठन स्वामी हरिदास की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए किया गया है। स्वामी हरिदास के समय से चली आ रही रीति-रिवाज, त्योहार, समारोह और अनुष्ठान बिना किसी हस्तक्षेप या परिवर्तन के जारी रहेंगे। न्यास दर्शन का समय तय करेगा, पुजारियों की नियुक्ति करेगा और वेतन, भत्ते/प्रतिकर निर्धारित करेगा। साथ ही भक्तों और आगंतुकों की सुरक्षा तथा मंदिर के प्रभावी प्रशासन और प्रबंधन की जिम्मेदारी भी न्यास पर होगी। न्यास गठन के बाद श्रद्धालुओं को विश्वस्तरीय सुख-सुविधाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। प्रसाद वितरण, वरिष्ठ नागरिकों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राहुल गांधी के संपर्क में हैं चंद्रबाबू नायडू

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम और वाईएसआरसीपी के प्रमुख जगन मोहन रेड्डी ने दावा किया है कि सीएम चंद्रबाबू नायडू तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के जरिए राहुल गांधी के संपर्क में हैं।



**पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी ने लगाए गंभीर आरोप**

जगन मोहन रेड्डी ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और सवाल किया कि राहुल गांधी, वोट चोरी का मुद्दा जोर-शोर से उठा रहे हैं, लेकिन वे आंध्र प्रदेश में वोट चोरी का मुद्दा क्यों नहीं उठा रहे हैं? जगन मोहन रेड्डी ने दावा किया कि इसकी वजह ये है कि राहुल गांधी, चंद्रबाबू नायडू के संपर्क में हैं।

जगन मोहन रेड्डी ने कहा कि, जब राहुल गांधी वोट चोरी की बात करते हैं, तो वे आंध्र प्रदेश के बारे में बयान क्यों नहीं देते? जहां घोषित नतीजों और मतगणना के दिन के नतीजों के बीच 12.5 प्रतिशत वोटों का अंतर रहा। वे अरविंद केजरीवाल के बारे में क्यों नहीं बोलते? जबकि अरविंद केजरीवाल खुद विधायक का चुनाव हार गए थे, लेकिन राहुल गांधी आंध्र प्रदेश के बारे में बात नहीं करते क्योंकि चंद्रबाबू नायडू रेवंत रेड्डी के जरिए हॉटलाइन पर राहुल गांधी के संपर्क में हैं। मैं राहुल गांधी जैसे व्यक्ति पर क्या टिप्पणी करूं, जो खुद अपने काम के प्रति ईमानदार नहीं हैं?

## मुख्यमंत्री का आह्वानः हर घर तिरंगा से गूंजा छत्तीसगढ़ः रायपुर में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का एक महान अनुष्ठान है, जो भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी आन-बान-शान है, इसकी रक्षा और मान-सम्मान के लिए हर नागरिक को दृढ़संकल्पित होना चाहिए। स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हर घर तिरंगा फहराएगा और भारत आर्थिक एवं सांस्कृतिक रूप से और अधिक सशक्त बनेगा।



**एकता, सुरक्षा और विकास का संदेश**

मुख्यमंत्री श्री साय ने 'भारत माता की जय' और 'छत्तीसगढ़ महतारी की जय' के उद्घोष के साथ जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत एक सशक्त और सम्मानित राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने हाल ही में पहलगाम में हुए कायराना हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' में हमारे वीर जवानों द्वारा दिखाए गए साहस और पराक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है, जिसने तिरंगे की शान को और ऊंचा किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बीते डेढ़ वर्षों में छत्तीसगढ़ सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार एरिया डॉमिनेशन कर नक्सलियों का प्रभुत्व समाप्त किया है। उन्होंने कहा कि जहाँ कभी नक्सलियों का लाल झंडा लहराता था, आज वहां तिरंगा शान से लहरा रहा है। कई संवेदनशील गांवों में बरसों बाद गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुनः तिरंगा फहराया गया है, जो शांति, विकास और सुरक्षा का नया संदेश दे रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि तिरंगे की असली गरिमा तब और बढ़ेगी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ब्रह्मोस है हमारे पास, उन्हें बकवास नहीं करनी चाहिए, शहबाज की गीदड़ भभकी पर ओवैसी का जवाब

नई दिल्ली। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार पाकिस्तान को जमकर खरी-खोटी सुनाई है। उन्होंने पाकिस्तान और उनके प्रधानमंत्री समेत अनाप-शनाप बयान देने वाले लोगों को चेतावनी भी दी।



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के कथित बयान कोई पाकिस्तान से पानी की एक बूंद भी नहीं छीन सकता पर एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, ब्रह्मोस है हमारे पास... उन्हें ऐसी बकवास नहीं करनी चाहिए। ऐसी धमकियों का भारत पर कोई असर नहीं होगा। बहुत हो गया। एशिया कप में भारत बनाम पाकिस्तान के बीच संभावित क्रिकेट मैंच पर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, मैं क्रिकेट मैच देखने नहीं जा रहा हूं। मेरी अंतरात्मा, मेरा दिल इसकी इजाजत नहीं देता। हमें उस देश के लोगों के साथ क्रिकेट क्यों खेलना है, जो हमें हर दिन धमकी दे रहे हैं? आप पानी देना बंद कर चुके हैं। पानी से बड़ी कोई जरूरत है क्या? आपने बॉर्डर बंद कर दिए। आपने व्यापार बंद कर दिए। कितना नुकसान होगा, 300 करोड़-400 करोड़ मेरा जमीर गवारा नहीं करता। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पाकिस्तानी पीएम बोले- दुश्मन एक बूंद पानी नहीं छीन सकताः ऐसा सबक सिखाएंगे, जिंदगी भर याद रहेगा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने पर भारत को धमकी दी है। मंगलवार को राजधानी इस्लामाबाद में हुए एक कार्यक्रम में शरीफ ने कहा- दुश्मन (भारत) पाकिस्तान से एक बूंद पानी भी नहीं छीन सकता। आपने हमें पानी रोकने की धमकी दी। अगर ऐसा करने की कोशिश की तो पाकिस्तान आपको ऐसा सबक सिखाएगा, जिसे जिंदगीभर नहीं भूलेंगे।

शरीफ ने कहा कि भारत अगर पाकिस्तान की तरफ बहने वाला पानी रोकने की कोशिश करता है तो यह सिंधु जल संधि का उल्लंघन होगा। उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि इसका जवाब निर्णायक तरीके से दिया जाएगा। पाकिस्तानी पीएम ने आगे कहा कि पानी पाकिस्तान की लाइफलाइन है और अंतरराष्ट्रीय समझौतों के तहत देश के अधिकारों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।



#### बिलावल भी भारत को जंग की धमकी दे चुके

शहबाज शरीफ से पहले पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भारत को युद्ध की धमकी दे चुके हैं। सोमवार को दिए एक बयान में बिलावल ने कहा था कि अगर भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित रखा तो पाकिस्तान के पास जंग के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। भुट्टो ने सिंध प्रांत की सरकार के एक कार्यक्रम में कहा, मोदी सरकार के कदमों ने पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया है। हमें एकजुट होकर इन आक्रामक नीतियों का जवाब देना होगा। भुट्टो ने दावा किया था कि पाकिस्तान के लोग 6 नदियों को वापस लेने के लिए जंग करने में सक्षम हैं।

#### 48 घंटों में 3 नेताओं ने भारत को धमकी दी

सिंधु जल समझौते के निलंबन को लेकर पिछले 48 घंटों में 3 पाकिस्तानी नेताओं ने भारत के खिलाफ धमकी भरे बयान दिए हैं। इनमें आर्मी चीफ आसिम मुनीर, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो शामिल हैं।

## हिमाचल में उत्तरकाशी जैसा मंजर : कुल्लू में दो जगह बादल फटा, कई गांव खाली, प्रशासन अलर्ट पर

कुल्लू। जिला कुल्लू के निरमंड के कुर्पन खड्ड और बंजार की तीर्थन नदी में बादल फटने से आई बाढ़ से भारी क्षति पहुंची है। देर शाम को आई बाढ़ से लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है।



बंजार तीर्थन नदी में आई बाढ़ से बठाहड में चार काटेज और तीन से चार वाहन के बहने की सूचना मिली है। जबकि बागीपुल के गानवी में पुल बहा, कई दुकानों और मकान के क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। गानवी बस अड्डे में पानी भर गया है। साथ में छह से अधिक दुकानें और मकान में रखा सामान नष्ट हो गया है। जबकि किसी प्रकार के जानी नुकसान नहीं हुआ है। देर शाम को आई बाढ़ से नदी किनारे रह रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। बाढ़ का कारण श्रीखंड महादेव की पहाड़ियों में बादल फटना बताया जा रहा है, जिससे कुर्पन खड्ड में जलस्तर बढ़ गया और बागीपुल बाजार को खाली कराना पड़ा। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य के लिए दल मौके पर भेज दिए हैं। बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने जानकारी दी है की दोगड़ा पुल भी टूटा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कुछ गांवों से फोन आए हैं। तीर्थन नदी के आसपास लोग ना जाएं। बठाहड़ की तरफ से तीर्थन नदी में बाढ़ आई है और औट तक अलर्ट जारी किया गया है। सनद रहे कि पिछले वर्ष भी 31 जुलाई 2024 की रात को बादल फटने से बागीपुल और समेज क्षेत्र में भारी जानमाल का नुकसान हुआ था। लोग अभी उस त्रासदी से पूरी तरह उबर भी नहीं पाए थे कि कुर्पन खड्ड एक बार फिर रौद्र रूप दिखाने लगी है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जिंदगी में पहली बार मरे लोगों के साथ चाय पी, शुक्रिया चुनाव आयोग- राहुल गांधी

पटना। बिहार में साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले है। इन विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर घमासान मचा हुआ है। SIR को लेकर विपक्ष दलों ने भारतीय चुनाव आयोग और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। विपक्ष के नेता एक के बाद चुनाव आयोग पर फर्जी वोटर के आरोप लगा रहे है। इसी बीच बिहार SIR पर एक नया बवाल सामने आया है।



#### पिंकी देवी के घर में 10 अज्ञात वोटर दर्ज

बिहार में मतदाता सूची में कथित फर्जीवाड़े का एक और मामला सामने आया है। पिंकी देवी ने दावा किया है कि उनके घर के पते पर 10 अलग-अलग वोटरों के नाम दर्ज हैं, जिनमें विभिन्न जातियों के लोग शामिल हैं। हैरानी की बात यह है कि पिंकी देवी का कहना है कि वह इन लोगों को नहीं जानतीं। उन्होंने इसे फर्जी वोटरों की साजिश करार देते हुए बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पिंकी देवी का दावा है कि इन फर्जी वोटरों के सहारे बीजेपी ने बिहार में अपनी सरकार बनाई। यह मामला बिहार की मतदाता सूची में गड़बड़ी के पुराने आरोपों को फिर से हवा दे रहा है। पिंकी देवी ने स्थानीय प्रशासन और चुनाव आयोग से इसकी जांच की मांग की है। उनका कहना है कि उनके घर में रहने वाले परिवार के अलावा कोई और नहीं है, फिर भी 10 अज्ञात लोगों के नाम वोटर लिस्ट में कैसे शामिल हो गए?

**जांच की मांग तेज :** इस खुलासे के बाद विपक्षी दलों ने बीजेपी पर निशाना साधा है (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## तेजस्वी यादव ने SIR को लेकर चुनाव आयोग को फिर बनाया निशाना, बीजेपी से मिलीभगत का लगाया आरोप



नई दिल्ली। बिहार में SIR पर सियासी विवाद के बीच आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने एक बार फिर चुनाव आयोग और बीजेपी पर आरोप लगाया है। पटना में एक प्रेस कांफ्रेंस में तेजस्वी यादव ने कहा कि SIR का मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है और कल जिनके नाम SIR में मृतक के तौर पर दर्ज थे, उन्हें कोर्ट में जिंदा पेश किया गया। ये गंभीर मामला है जिसे लोग वोट चोरी कह रहे हैं, लेकिन भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग वोट चोरी में लगा है...अब जब सच्चाई सामने आ रही है तो भाजपा चुप हो (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ बीजेपी में बड़ा बदलाव : राहुल बने भाजयुमो अध्यक्ष, विभा को महिला मोर्चा की कमान, हेमंत मीडिया संयोजक

रायपुर। छत्तीसगढ़ बीजेपी प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। कुल 47 नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। राहुल योगराज टिकरिहा को रवि भगत की जगह भाजयुमो की कमान सौंपी गई है। उन्हें भाजयुमो का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं विभा अवस्थी को महिला मोर्चा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें महिला मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है।



**सांसद संतोष पांडे पार्टी के मुख्य प्रवक्ता बने**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की सहमति और अनुमति से भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। जिसमें जगन्नाथ पाणिग्रही, रामजी भारती, रूपकुमारी चौधरी, रंजना साहू, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, नंदन लाल जैन, जी. वेंकटेश्वर, सतीश लाटिया को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं यशवंत जैन, अखिलेश सोनी एवं नवीन मारकंडे को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है।

प्रदेश मंत्री के रूप में संध्या परघनिया, शिवनाथ यादव, जयंती पटेल, अमित साहू, जितेन्द्र कुमार वर्मा, हर्षिता पाण्डेय, विद्या सिदार, ऋतु चौरसिया नियुक्ति की गई है। प्रदेश कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी राम गर्ग को सौंपी गई है। कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज एवं सह प्रभारी प्रीतेश गांधी को बनाया गया है। सांसद संतोष पांडे को पार्टी का मुख्य प्रवक्ता बनाया गया है। वहीं देवलाल ठाकुर, नलिनीश ठोकने, अमित चिमनानी, शिवनारायण पाण्डेय, प्रमोद कुमार शर्मा, टेकेश्वर जैन, डॉ. विजय शंकर मिश्रा, किरण बघेल, वेदराम जांगड़े, शताब्दी पाण्डेय, के.एल. चौहान, उज्जवल दीपक को प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

# स्वतंत्रता दिवस समारोह का शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में किया गया अंतिम रिहर्सल

**राजनांदगांव (दावा)।** जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का रिहर्सल आज सुबह 9 बजे शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने रिहर्सल में मुख्य अतिथि का दायित्व निभाया। जिला पंचायत सीईओ ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित थे। रिहर्सल के दौरान ध्वजारोहण कर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने अंतिम रिहर्सल कर व्यवस्था का जायजा लिया।





कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने समारोह स्थल में बैठक व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से वीआईपी बैठक व्यवस्था के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, शहीद जवानों के परिजनों, पत्रकारों एवं जनसामान्य के लिए भी बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समारोह स्थल की साज-सज्जा एवं सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। रिहर्सल के दौरान स्वतंत्रता दिवस समारोह के परेड का नेतृत्व परेड कंमाडर नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन ने किया। उप निरीक्षक थाना बसंतपुर राकेश पटेल ने परेड टू-आई-सी का दायित्व निभाया। परेड में 16 प्लाटून भाग ले रहे है। परेड में जेडी 27 बटालियन आईटीबीपी, 8वीं बटालियन सीएएफ राजनांदगांव, जिला बल, पीटीएस प्लाटून, पीएटीएस महिला प्लाटून, नगर सेना महिला, एनसीसी बालक दिग्विजय महाविद्यालय, एनसीसी बालिका दिग्विजय महाविद्यालय, एनसीसी बालिका कमला कालेज, एनसीसी बालक स्टेट हाईस्कूल, एनसीसी बालिका सर्वेश्वरदास स्कूल, एनसीसी बालिका स्टेट हाईस्कूल, एनसीसी बालिका सर्वेश्वरदास स्कूल, एनसीसी नेवल बालिका डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल बसंतपुर, स्काउट-गाईड बालिका महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल, स्काउट-गाईड बालक स्टेट हाई स्कूल शामिल हुए। रिहर्सल के दौरान पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राजनांदगांव, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री, गायत्री विद्यापीठ, युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय डोंगरगांव के स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### कस्तूरबा भवन में अध्यक्ष अलका जानी फहराएंगी राष्ट्र ध्वज तिरंगा



राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन शहर के समाजसेवी महिलाओं द्वारा कस्तूरबा भवन में प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण कि आयोजन किया गया है। स्वतंत्रता दिवस के उक्त गरिमामय आयोजन में कस्तूरबा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अलका जानी द्वारा जन मन गान के साथ राष्ट्र ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा। इस दौरान कस्तुरबा की संरक्षिका श्रीमती शारदा तिवारी, सरस्वती माहेश्वरी, सचिव श्रीमती साधना तिवारी, आशा गुप्ता, अनिता जैन, माया अग्रवाल जनक बाई गुप्ता आदि सहित मंडल के समाज सेवी महिलाएं एवं कस्तूरबा विद्यालय परिवार की उपस्थिति बनी रहेंगी। श्रीमती जानी ने देश के 79 वे स्वतंत्रता दिवस पर सबको बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि हमें आजादी की अक्षुण्णता बरकरार रखते हुए देश प्रेम व राष्ट्र भक्ति का परिचय देना होगा तभी हमारा देश उन्नति और प्रगति की नित नई सोपान तय करते चला जाएगा।

### फुटबॉल स्पर्धा में वाइडनर स्कूल और युगांतर पब्लिक स्कूल सेमीफाइनल में



राजनांदगांव (दावा)। नगर की गौरवशाली शिक्षण संस्था वाईडनर स्कूल द्वारा आयोजित वाईडनर कप फुटबॉल स्पर्धा के पांचवें दिन दो क्वॉटर फाइनल मैच खेले गए, पहला क्वार्टर फाइनल मैच वाइडनर स्कूल विरुद्ध नीरज बाजपाई इंटरनेशनल स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमें वाइडनर स्कूल ने यह मैच 0 गोल के मुकाबले 4 गोल से जीतकर सेमी फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी, वाइडनर स्कूल की ओर से गगन ने 1 गोल, मोइज ने 1 गोल, प्रखर ने 1 गोल और आदित्य नेताम के द्वारा 1 गोल किया गया, तत्पश्चात आज का दूसरा क्वॉटर फाइनल मैच युगांतर पब्लिक स्कूल विरुद्ध नीरज पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया, इस मैच में युगांतर पब्लिक स्कूल के कृष्णा के हैट्रिक गोल से युगांतर पब्लिक स्कूल ने यह मैच 0 गोल के मुकाबले 3 गोल से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली दूसरी टीम बनी, इन दोनों मैच के निर्णायक क्रिस्टोफर, अंकित और अमीश थे आज दिनांक 14 अगस्त को भी दो क्वॉटर फाइनल मैच खेले जाएंगे। पहला क्वॉटर फाइनल मैच सेजस स्कूल, सुकुलदैहन विरुद्ध गायत्री स्कूल मध्य दोपहर 2 बजे से खेला जाएगा और दूसरा क्वॉटर फाइनल मैच दिल्ली पब्लिक स्कूल विरुद्ध वाईडनर स्कूल-सी के मध्य 3 बजे से खेला जाएगा। यह जानकारी स्पर्धा के संयोजक डेनियल फ्रांसिस और सौरभ हरिहरनों ने दी।

### कल शुष्क दिवस घोषित

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2025 को शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने जिले के सभी देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टोरेन्ट बार, होटल बार, क्लब एवं मद्य भण्डारण-भाण्डागार को सम्पूर्ण दिवस बंद रखने के आदेश दिए है। स्वतंत्रता दिवस पर संस्थानों में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### आरक्षक संवर्ग पदों की लिखित भर्ती परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को व्यापमं की वेबसाईट में फार्म भरना आवश्यक

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल में आरक्षक संवर्ग के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन हेतु संभावित परीक्षा का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को व्यापक की वेबसाईट www.vyapamcg.cgstate.gov.in के माध्यम से फार्म भरना आवश्यक है। अभ्यर्थियों द्वारा व्यापम की वेबसाईट में फार्म नहीं भरने एवं परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्रिंट आऊट प्रस्तुत नहीं करने पर लिखित परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे।

### लखन लाल साहू का निधन



राजनांदगांव (दावा)। सेवानिवृत्त शिक्षक लखनलाल साहू 87 वर्ष आमगांव (कुमर्दा) का स्वर्गवास 13 अगस्त बुधवार को हो गया है। रामेश्वर सिंह साहू सेवानिवृत्त शिक्षक, मिलापदास साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ कुमर्दा, दिलीप कुमार साहू के पिता जी थे। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन, ग्रामीणजन शामिल हुए।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
14th Aug to 21st Aug 2025



Coolie - 02:45 and 09:00 pm
War 2 - 11:30 am, 11:45 am, 02:45, 03:00, 06:00, 06:15, 09:15 and 09:30 pm
Mahavatar Narsimha (Hindi 2D) - 12:00 and 06:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
आज ता. 14 से रोजाना 4 खेल
एक्शन से भरपूर
वार-2



कला : रितिक रोशन, जुनियर एन.टी.रामाराव, अनिल कपूर, टाईगर श्राफ, कियारा अडवानी
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

## तिरंगा यात्रा में दिखा भारी उत्साह व देश भक्ति जगाने हेतु भारत माता के नारे लगे

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा केंद्र एवं प्रदेश संगठन के आव्हान पर आजादी के अमृतकाल से लेकर जन-जन तक देश एवं तिरंगे के प्रति जागृति लाने हेतु हर घर तिरंगा फहराने के लिए मोर तिरंगा मोर अभिमान के तहत मंडल स्तर पर कार्यशाला आयोजित कर कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश देने हेतु विभिन्न बैठकों का दौरा संपन्न हो चुका है। आज 13 अगस्त को शहर में दक्षिण मंडल के तत्वाधान में गायत्री मंदिर चौक से तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, कोमल सिंह राजपूत, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा एवं महापौर मधुसूदन यादव विशेष रूप से उपस्थित थे।




तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा झंडा थाम कर भारत माता की जयघोष के साथ नगर भ्रमण किया डीजे के साथ में भारत माता के रूप में चारवि सोनी खुली जीप में तिरंगा झंडा लेकर बैठी थी। तिरंगा यात्रा गायत्री मंदिर दिल्ली दरवाजा से शुरू होकर भारत माता चौक से मानव मंदिर चौक होते हुए जयस्तंभ चौक में समाप्त हुई। जहां पर आयोजित सभा में वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, कोमल सिंह राजपूत, नीतू शर्मा एवं महापौर मधुसूदन यादव ने तिरंगा यात्रा का उद्देश्य और तिरंगे के महत्व को बताया तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने घरों में तिरंगे झंडे को लगाने का आह्वान किया। इस दौरान सभा का संचालन मंडल अध्यक्ष प्रशांत गोलू गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन तरुण लहरवानी एवं मिथिलेश्वरी वैष्णव ने किया। आज भाजपा कार्यकर्ताओं में देशभक्ति का जुनून सवार था। तिरंगे झंडे को हाथ में लेकर सभी कार्यकर्ता विशेष कर करके महिला मोर्चा की बहने उत्साहित होकर भारत माता की जयघोष के साथ गर्व के साथ नारे लगा रही थी।

इस दौरान प्रमुख रूप से इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, महापौर मधुसूदन यादव, राजेंद्र गोलछा, आलोक श्रोती, तरुण लहरवानी, मंडल अध्यक्ष प्रशांत गोलू गुप्ता, उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित भाटिया, मन्त्री भास्कर गुप्ता, रवि सिन्हा, हकीम खाने, रघुवीर वाधवा शरद सिन्हा, गीतेश गुप्ता, दामु भूतड़ा, मधु बैंद, राजेश यादव, नादान सेन, कमल सोनी, बलवंत साव, अशोकादित्य श्रीवास्तव, रमेश सोनवानी, रेणु सूर्यवंशी, रवि साहू, सुरेश साहू, रेवती साहू, शिव वर्मा, सुमित भाटिया, प्रकाश मारकंडे, प्रवीण शुक्ला, प्रखर श्रीवास्तव, आशीष जैन, भानु साहब देवशरण, संगीता मिश्रा, रानू जैन, साक्षी भाटिया, रानू मेश्राम, रवि राजपूत, जैनम बैद, अरुण साहू, विजय रॉय, सतीश साहू, चंद्रशेखर लश्करे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

तिरंगा यात्रा की शुरुआत में दिल्ली दरवाजे के पास स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख एवं पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने माल्यार्पण कर उनकी स्मृति में उन्हें नमन किया।

## रॉयल किड्स कान्वेंट में 'मोर तिरंगा मोर अभिमान' के तहत निकाली गई रैली



राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट में 'मोर तिरंगा मोर अभिमान' के तहत बच्चों की रैली निकाली गई। इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा डॉ. सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह और बोर्ड मेंबर टी. एस. बग्गा, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर आई के वैष्णव उपस्थित थे। रैली में बच्चों को तिरंगे के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत किया गया। रैली के दौरान बच्चों ने तिरंगा हाथ में लेकर नारे लगाए और देशभक्ति के गीत गाए। शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को तिरंगे के महत्व और देश की एकता और अखंडता के बारे में बताया। इस अवसर पर बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी देशभक्ति की भावना को प्रदर्शित किया। श्रीमती अपर्णा वर्मा के नेतृत्व में ये रैली निकाली गई। रॉयल किड्स कॉन्वेंट की इस पहल से बच्चों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा मिलेगा और वे देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझेंगे।

## शिवनाथ समिति के पुनः अध्यक्ष बने डॉ. डीसी जैन



राजनांदगांव (दावा)। श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति की आम सभा का आयोजन दिनांक 06/08/25 को समिति के कार्यालय में संपन्न हुआ। सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से आगामी तीन वर्षों के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष, एवं कार्यकारिणी का निर्वाचन किया। तदानुसार डॉ. डी सी जैन पुनः अध्यक्ष, कोमल सिंह राजपूत प्रथम उपाध्यक्ष, हरजीत सिंह भाटिया द्वितीय उपाध्यक्ष, अजय कोटड़िया तृतीय उपाध्यक्ष, अमलेंदु हज़रा सचिव, शैलेंद्र तिवारी कोषाध्यक्ष, राकेश इन्दु भूषण ठाकुर एवं सुनील साहू संयुक्त सचिव निर्वाचित किये गये। समिति की कार्यकारिणी में कचरू प्रसाद शर्मा, विजय हरिहारनो, डॉ ओंकार श्रीवास्तव, मोरध्वज साहू, मनीष अग्रवाल, सुनील जैन, भागचंद गिड़िया, रविकान्त सिन्हा, अरुण देवांगन सम्मिलित किए गए है।

उपरोक्तानुसार प्रबंधकारिणी का गठन करने के उपरांत नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. डी.सी.जैन के नेतृत्व में कोमल सिंह राजपूत, हरजीत भाटिया, अमलेंदु हाजरा, कचरू प्रसाद शर्मा, विजय हरिहारनो, राकेश इंदू भूषण ठाकुर, शैलेंद्र तिवारी आदि ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के निवास में गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया तथा विगत 25 वर्षों से समिति को प्राप्त उनके आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस पर डॉ साहब द्वारा सभी भेंटकर्ताओं को शुभकामनाएं दी गई।

## एनबीआईएस बोरी में मेमोरी मास्टर्स कार्यशाला आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में महाराष्ट्र नागपुर के मेमोरी मास्टर्स द्वारा ट्रेनर टीम ने कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के छात्रों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में ट्रेनर रोहित तेलांग द्वारा बच्चों की मानसिक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों की याददाश्त क्षमता को बढ़ाने हेतु प्रशिक्षित करना था, ताकि बच्चे की सीखने की प्रवृत्ति में बढ़ोत्तरी हो सके। कार्यशाला का नियमित संचालन आगामी 16 व 17 अगस्त को सुबह नौ से दोपहर दो बजे किया जाना तय है। इच्छुक अभिभावक कार्यशाला हेतु 14 व 15 अगस्त को शाला समय में पंजीयन कराकर स्थान सुनिश्चित कर सकते हैं। मेमोरी मास्टर्स कार्यशाला में बच्चों की याददाश्त को बढ़ाने हेतु तरीकों के साथ ही, दिमाग को तेज बनाना, बच्चों की पढ़ने की क्षमता का विकास, बच्चों में शैक्षणिक गतिविधि व तनाव मुक्त अध्यापन कार्य को संचालित करना बताया जायेगा। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा पालकों से अपील है कि कार्यशाला का लाभ सभी पालक प्रमुखता से ले।

### ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक सन्नू राम बोगा आ. सावजी बोगा जाति गोड़ निवासी ग्राम जाड़ेटोला, तह. अं.चौकी जिला-मोहला-मानपुर, अं.चौकी (छ.ग.) का निवासी हूँ। मेरे नाम से पूर्व में भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है जिसमें मेरे नाम के स्थान पर चन्नूराम बोगा आ. सवाजी बोगा अंकित है, उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे नाम से बना परिचय पत्र एवं अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर सन्नू राम बोगा आ. सावजी बोगा अंकित है, उक्त नाम सही है। इसलिए उक्त नाम को आधार कार्ड में अंकित कराना चाहता हूँ। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति होगी तो सात दिवस के भीतर आपत्ति मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत है जो जरूरत वक्त काम आये।

स्थानः- अं.चौकी
दिनांकः- 13-08-2025

आवेदक
सन्नू राम बोगा
निवासी ग्राम जाड़ेटोला
तह.-अं.चौकी, जिला-मो.मा., अं.चौकी

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
3-4-6
278-7 780-5
राजधानी
2-5-8
250-7 346-3

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## स्वतंत्रता की पूर्व संध्या पर बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री



राजनांदगांव (दावा)। दो दिन बाद उत्साह के साथ मनाए जाने वाले स्वतंत्रता पर्व से पूर्व बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए उन्हें पाठ्य सामग्री का उपहार दिया गया। नांदगांव शिक्षा मंडल के सचिव अनिल वार्ष्णेय, विधि महाविद्यालय के प्रशासक डॉ.आर.एन सिंह की उपस्थिति में कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र लूनिया ने बच्चों की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर संतोष जाहिर किया। अंबागढ़ चौकी इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्राचार्य डॉ. सूर्यकांत मिश्रा ने बताया कि नांदगांव शिक्षा मंडल के पदाधिकारियों द्वारा समय-समय पर स्कूल में कराए जा रहे। अध्यापन कार्य एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी ली जाती है। इसी संदर्भ में आज स्कूल संचालक नांदगांव शिक्षा मंडल के सचिव अनिल वार्ष्णेय एवं विधि महाविद्यालय के प्रशासक डॉ. आर एन सिंह के साथ कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र लूनिया ने स्कूल का मुआयना किया। श्री लूनिया ने अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया। स्वतंत्रता की पूर्व संध्या पर बच्चों का मुंह भी मीठा कराया गया। सभी बच्चों ने उपहार प्राप्त कर अतिथियों का धन्यवाद किया।

### कार्यालय नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक/756/निविदा/ लोक-11/2025-26 राजनांदगांव, दिनांक 11/08/2025

**// निविदा सूचना //**

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में निम्न कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि रूपये लाख में | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड नं. 35 में 03 स्थानों पर सबमर्सिबल पंप व टंकी लगाने कार्य। | 1.60 | 02/09/25 |
| 2 | मरम्मत संधारण मद अंतर्गत वार्ड नं. 24 शीतला माता वार्ड जमातपारा में पेंचवर्क कार्य। | 1.00 | 02/09/25 |
| 3 | मरम्मत संधारण मद अंतर्गत वार्ड नं. 35 सबमर्सिबल पंप एवं सिन्टैक्स टंकी लगाने। | 0.80 | 02/09/25 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोककर्म शाखा) एवं वेबसाईट www.mcrjn.com & http://www.uad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेडमेंन्ट पृथक से विज्ञापन जारी नहीं किया जावेगा। वेबसाईट में ही प्रकाशित किया जावेगा।

क्र. 87/ जनसंपर्क/25
आयुक्त,
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव

## पशु तस्करी में सहयोगीआरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। घुमका पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में पशु तस्करी में सहयोग करने वाले आरोपियों को धर दबोचा है। घुमका थाना प्रभारी बसंत कुमार बघेल ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं डोंगरगांव एसडीओपी दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन एवं उनके नेतृत्व में 12 अगस्त को मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपियों को पकड़ने की कार्रवाई की गई। श्री बघेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि खरीदी बिक्री व गाड़ी में लोड करने में सहयोग करने वाले ग्राम हरडुवा से कत्लखाना गौवशं पशु तस्करी ले जाने में सहयोग करने वाले आरोपी ग्राम हरडुवा में देखा गया है। इस पर घुमका पुलिस मौके पर पहुंच कर आरोपियों की घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये आरोपियों से पुछताछ करने बताया कि दिनांक 01 जुलाई 24 को ग्राम हरडुवा से मवेशी खरीद कर आरोपी फैजल खान निवासी नागपुर को फोन पर संपर्क कर 6 नग मवेशी को कत्लखाना भेजने बुलाकर फैजल खान की वाहन में आरोपी व उनके सहयोगी रोशन सोनवानी व ढाल सिंग ठाकुर के द्वारा मवेशी को वाहन क्रमांक एमएच -31/सीए 3401 में ग्राम हरडुवा से कुरतापूर्वक भर कर कत्लखाना भेजने का कार्य करना स्वीकार किया। आरोपियों को रिमांड हेतु न्यायालय पेश किया गया है।

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गिरवर वर्मा पिता श्री गंगाप्रसाद वर्मा आयु 38 वर्ष निवासी- 123, वार्ड नं. 08 कोलिहापुरी मुसराकला, तह. डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ:ग) का निवासी हूं।

यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम राजू पटेल पिता श्री गंगाप्रसाद वर्मा को बदलकर गिरवर वर्मा पिता श्री गंगाप्रसाद वर्मा रख लिया हूं। अतः आज से मुझे मेरे नये नाम गिरवर वर्मा पिता श्री गंगाप्रसाद वर्मा को समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नये नाम गिरवर वर्मा पिता श्री गंगाप्रसाद वर्मा से ही जाना व पहचाना जावे।

**गिरवर वर्मा**
पिता - श्री गंगाप्रसाद वर्मा
निवासी- 123, वार्ड नं. 08
कोलिहापुरी मुसराकला, तह.- डोंगरगढ़
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

# मोटर साइकिल चोरी करने वाले शातिर चोर गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस ने शहर सहित जिले भर में घूम-घूमकर मोटरसाइकिल चोरी करने वाले चोरों का पर्दाफाश किया है। सायबर सेल, थाना बसंतपुर एवं पुलिस चौकी सुकुल दैहान की संयुक्त कार्यवाही के चलते पुलिस के हत्थे चढ़े दोनों आरोपियों को गिरफतार कर न्यायालय में पेश किया गया है। बताया जाता है कि उक्त दोनों आरोपी राजनांदगांव जिला एवं सरहदी जिलों के मार्केट में रेकी करने के बाद घटना को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दुपहिया वाहन 09 नग एक्टिवा एवं घटना में प्रयुक्त 01 नग जूपिटर वाहन जप्त की है।

इस संबंध में बुधवार 13 अगस्त को जन संवाद कक्ष में ली गई प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने बताया कि प्रार्थी संतु राम देवांगन पिता अशोक देवांगन, निवासी ग्राम सुकुलदैहान, पुलिस चौकी सुकुलदैहान की 01 नग एक्टिवा दोपहिया वाहन कमांक सीजी 08 एएक्स 9072 नेवी ब्लू रंग की मोटर सायकल को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा गत 1 जुलाई को दोपहर के समय किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ग्राम सुकुल दैहान के कारगिल चौक सतनाम बुनकर के सामने से चोरी कर लिया गया है।



चोरों से किया गया 10 नग मोटर सायकल जब्त

### मोटरसाइकिल चोरों को पकड़ने गठित की गई जांच टीम

प्रेस वार्ता में बताया गया है प्रार्थी की लिखित सूचना पर पुलिस चौकी सुकुलदैहान, थाना लालबाग में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन व पर्यवेक्षण में सायबर सेल राजनांदगांव, थाना बसंतपुर एवं पुलिस चौकी सुकुलदैहान की संयुक्त टीम गठित की गई। उक्त टीम द्वारा अज्ञात चोर की पतासाजी के दौरान सायबर सेल थाना बसंतपुर एवं पुलिस चौकी सुकुलदैहान की संयुक्त टीम को मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी सकार सिंह निवासी चिखली के द्वारा चोरी किये गये एक्टिवा वाहन को प्रयोग कर रहा है जिस पर 13 अगस्त को सायबर सेल व पुलिस चौकी सुकुलदैहान की संयुक्त टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी सकार सिंह को चिखली से हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया।

आरोपी द्वारा प्रार्थी की एक्टिवा दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी-08/ एएक्स-9072 नेवी ब्लू रंग की मोटर सायकल को अपने अन्य साथी गोपाल वर्मा पिता भानुप्रताप वर्मा 20 वर्ष निवासी विचारपुर ठेलकाडीह वर्तमान पता पूनम कालोनी ममता नगर के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई ब्लू रंग की एक्टिवा दोपहिया वाहन जप्त की गई। इसके अलावा आरोपी द्वारा अपने अन्य साथी गोपाल वर्मा निवासी ठेलकाडीह, हाल पता ममता नगर के साथ मिलकर जिले के थाना डोंगरगांव, बसंतपुर, लालबाग एवं सरहदी जिले बालोद एवं दुर्ग क्षेत्र से भी अन्य मोटर सायकल की चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के मेमोरण्डम कथन के आधार पर आरोपियों के द्वारा चोरी करने के बाद छिपाकर रखे हुये गये अन्य 08 नग वाहनों को भी बुधवार को विधिवत जप्त किया गया। इसके अलावा चोरी की गई अन्य शेष वाहनों की पतासाजी की जा रही है।

आरापियों के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पायेजाने पर आरोपी गोपाल वर्मा एवं साकार सिंह को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय में पेश किया जा रहा है। प्रकरण की विवेचना जारी है संलिप्त अन्य लोगों की पतासाजी की जा रही है। पुलिस द्वारा चोरों से जब्त मोटर सायकल की सूची जारी कर दी गई है।

# नाबालिक बालिका के साथ छेड़छाड़ करने वाले प्रधान पाठक पुलिस के हत्थे चढ़ा



राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र के एक प्रधान पाठक को नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया है और उसे जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया गया है।

चौकी चिखली प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि आरोपी प्रधान पाठक पढ़ाने के बहाने बच्चों के साथ अश्लील हरकत करता था। उक्त आरोपी के खिलाफ मामला पंजीबद्ध होने के बाद से वह फरार था, जिसे चार दिनों तक लगातार पुलिस टीम द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि छेड़छाड़ का उक्त आरोपी बाहर भागने के फिराक में था लेकिन ऐन वक्त में चिखली पुलिस ने उसे धर-दबोचा और बुधवार 13 अगस्त को न्यायिक रिमाण्ड पर उसे जेल भेज दिया गया है।

चौकी चिखली थाना प्रभारी श्री नामदेव ने बताया कि गत 9 अगस्त शनिवार को प्रार्थी चौकी चिखली आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिग लड़की के साथ स्कूल के प्रधान पाठक नेतराम वर्मा द्वारा शारीरिक शिक्षा पढ़ाने के बहाने बच्चियों को अपने ऑफिस में बुलाकर बुरी नियत से अश्लील हरकत करता है और नाबालिग बालिकाओं से छेड़छाड़ कर प्राइवेट अंगों को छुने, सहलाने का करता है। जिससे बच्ची स्कूल जाने के नाम पर डर सहम गयी है। प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट पर धारा 74 बीएनएस, 8,10 पाक्सो एक्ट अपराध घटित करना पाये जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामला गंभीर प्रकृति का होने से मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में चौकी चिखली पुलिस की टीम गठित कर फरार आरोपी के पता तलाश हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इस दौरान आरोपी के रिस्तेदारों रूकने ठहरने के स्थानों, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड एवं अलग-अलग क्षेत्रों मे दबिश दिया जा रहा था।

### बाहर भागने की फिराक में था आरोपी

बताया गया कि आरोपी नेतराम वर्मा पिता स्व. जेठुराम वर्मा उम्र 52 साल निवासी चिखली शासकीय गर्वमेंट प्रेस के सामने वार्ड नं. 05 बाहर भागने के फिराक मे था और वह भिलाई सेक्टर फ्लाई ओवर के नीचे साधन का इंतजार कर रहा था जिसे पुलिस टीम द्वारा सतर्कता पूर्वक हिकमत-अमली से विभिन्न तकनीकी साधनों के प्रयोग से दबिश देकर पकडा गया एवं विधिवत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। जहां से आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी चिखली निरीक्षक श्री नामदेव सहित, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, प्रधान आरक्षक समारूराम सर्पा, आरक्षक मनोज जैन, आदित्य सोलंकी, सुनील बैरागी, मिर्जा असलम बेग, किशोर मार्बल, जयराम निषाद, नागेश्वर साहू, महिला आरक्षक रेणुका राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पूर्व सांसद प्रदीप गांधी कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के चुनाव में सर्वाधिक मतों से विजयी हुए



नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के पूर्व भाजपा सांसद प्रदीप गांधी की लोकप्रियता आज भी बरकरार है। उन्होंने कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया की कार्यकारिणी सदस्य चुनाव में सर्वाधिक मत से शानदार जीत दर्ज की है। श्री गांधी ने चुनाव में 507 मत पाकर सभी 14 प्रत्याशियों में सर्वाधिक मत प्राप्त किए और विजयी रहे। वर्ष 1947 में स्थापित संविधान क्लब ऑफ इंडिया की सदस्यता केवल वर्तमान और पूर्व सांसदों को ही दी जाती है।

क्लब के 1,295 सदस्यों में से 707 सदस्य देशभर से यात्रा कर मतदान करने आए। 11 निर्वाचित सदस्यों में गांधी प्रथम स्थान पर रहे। उनके बाद नवीन जिंदल 501 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे। गांधी छत्तीसगढ़ से हैं, जबकि जिंदल का भी इस राज्य से गहरा संबंध है। इस जीत के साथ गांधी को लगभग 75 प्रतिशत मतदाताओं का समर्थन प्राप्त हुआ।

प्रशासन सचिव के पद के चुनाव में राजीव प्रताप रूडी ने 100 मतों के अंतर से जीत दर्ज की और संजीव बलयान को हराकर अपना पद बरकरार रखा। क्लब के प्रमुख सदस्य अमित शाह, सोनिया गांधी, जेपी नड्डा, मल्लिकार्जुन खडगे़, पीयूष गोयल, जया बच्चन, भूपेंद्र यादव और हाल ही में शामिल हुई कंगना रनौत शामिल हैं। कई सांसद विशेष रूप से दिल्ली आकर इस चुनाव में मतदान करने पहुंचे। छत्तीसगढ़ से रेणुका सिंह, सरोज पांडेय, अभिषेक सिंह, गुहारराम अजगल्ले और चंदूलाल साहू जैसे सदस्य भी मतदान के लिए पहुंचे।

प्रदीप गांधी को रूडी पैनल का समर्थन मिला। साथ ही बलयान समूह ने भी खुलकर उनका समर्थन किया, जो उनके विभिन्न दलों के नेताओं के साथ मजबूत संबंधों एवं लोकप्रियता को दर्शाता है। अपनी जीत के बाद प्रदीप गांधी ने कहा कि मैं सभी सदस्यों और विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों का विश्वास और समर्थन देने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। मैं क्लब की निरंतर प्रगति के लिए कार्य करूंगा। इस संस्थान की विरासत देश के सबसे प्रतिभाशाली बौद्धिकों को राष्टीय महत्व के मुद्दों पर जोड़ने की रही है। मैं विशेष रूप से पूर्व सांसदों को जोड़ने, उनकी ऊर्जा को दिशा देने और उन्हें विकसित भारत के मिशन में योगदान देने के लिए मंच प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करूंगा।

# पीएमश्री स्कूल में पहली बार छात्र संघ शपथ ग्रहण समारोह



79 छात्राओं को मिली साइकिल पौधरोपण व तिरंगा रैली से गूंजा परिसर

राजनांदगांव (दावा)। पीएमश्री सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के इतिहास में बुधवार का दिन स्वर्णाक्षरों में दर्ज हो गया, जब यहां पहली बार भव्य एवं ऐतिहासिक छात्र संघ शपथ ग्रहण समारोह 2025-26 का आयोजन किया गया। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चयनित हेड बॉय मयंक साहू, हेड गर्ल अनामिका मंडल, वाइस हेड बॉय सक्षम देवांगन एवं वाइस हेड गर्ल लेजर चौधरी ने एकता, अखंडता एवं अनुशासन की शपथ ग्रहण की। समारोह के दौरान पूरा विद्यालय देशभक्ति और उत्साह के रंग में रंगा नजर आया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्य मंच पर अतिथियों की मौजूदगी में शपथ ग्रहण की प्रक्रिया संपन्न हुई। जहां चयनित छात्र-छात्राओं के चेहरे पर आत्मविश्वास और जिम्मेदारी का भाव स्पष्ट झलक रहा था। समारोह में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत 79 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। यह पहल न केवल छात्राओं की शिक्षा में सहूलियत बढ़ाएगी बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। विद्यालय परिसर में अतिथियों ने मां के नाम एक पेड़ अभियान के तहत पौधरोपण किया। जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ तिरंगा रैली निकाली। रैली के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से वातावरण गूंज उठा।

समारोह में एसएमडीसी अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी की मांग पर महापौर मधुसूदन यादव ने विद्यालय में बाउंड्रीवॉल नए क्लासरूम और ऑडिटोरियम निर्माण की घोषणा की। साथ ही उन्होंने सफाई व्यवस्था के लिए कर्मचारी एवं शिक्षकों की मांग पर हरसंभव प्रयास का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडे एवं महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत उपस्थित थे। विशेष अतिथि के रूप में सब डिविजनल मजिस्ट्रेट खेमलाल वर्मा, पार्षद श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा, पूर्व पार्षद शरद सिन्हा, पार्षद शैंकी बग्गा, पूर्व पार्षद किशन यदु, पार्षद रवि सिन्हा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, डीएमसी समग्र शिक्षा सतीश बोहरे और एपीसी आदर्श वासनिक उपस्थित थे। अग्रहरि भवन में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम का लयबद्ध संचालन श्रीमती आस्था वैष्णव ने किया और आभार प्रदर्शन आकाश त्रिपाठी ने किया। पूरे आयोजन में विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी रही। जिससे यह दिन विद्यालय के इतिहास में अविस्मरणीय बन गया।

# जो कंपनी बोनस देती है, उसके शेयर के भाव भी बढ़ते जाते हैं- मुनि वीरभद्र



राजनांदगांव (दावा)। विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने आज यहां कहा कि जो कंपनी बोनस देती है उसके शेयर के भाव भी बढ़ते जाते हैं। हम धन कमाने में लगे रहते हैं, किंतु आत्म कल्याण की ओर हमारा ध्यान नहीं रहता। आराधना में ज्यादा से ज्यादा समय दें और आत्म कल्याण के मार्ग में बढ़ चलें। जैन बगीचे के नए हाल में जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने कहा कि यह निश्चित है कि जो कंपनी अपने कर्मचारियों का ध्यान रखती है, वहां कर्मचारी भी अपनी कंपनी का ध्यान रखते हैं। इसी तरह हम धर्म साधना में अपना ध्यान लगाए तो आत्म कल्याण के मार्ग में हमको इसका लाभ मिलेगा। विषय कषायों में फंसा व्यक्ति प्रमाद में ही रहता है। उसके पास धर्म ध्यान के लिए समय नहीं रहता। जब परमात्मा के लिए उसके पास समय नहीं रहता तो फिर वह यह उम्मीद कैसे कर लेता है कि परमात्मा के पास उसके लिए समय होगा?

जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने कहा कि हमने काफी समय व्यर्थ ही गुजार दिया। आजकल 50-60 साल के बाद की जिंदगी बोनस की जिंदगी है। जिंदगी का बहुत बड़ा भाग हमने पार कर लिया है। कब जीवन की लौ बुझ जाएगी, कुछ कहा नहीं जा सकता। हम रुचि के काम पहले करते हैं। संसार के काम भले ही कोई कर ले लेकिन अपना काम तो हमें स्वयं ही करना पड़ेगा। सामयिक का मतलब है मूल स्वभाव और आत्मा का मतलब भी मूल स्वभाव ही है। इस प्रकार सामायिक, आत्मा है और आत्मा, सामयिक है। समता भाव में आना ही सामायिक है। मुनि श्री वीरभद्र (विराग) ने आगे फरमाया कि सामयिक सारे तनाव को खत्म कर देता है। उन्होंने कहा कि गया हुआ समय वापस नहीं आता, इसलिए समय का सदुपयोग करना चाहिए। आप ज्यादा से ज्यादा समय सामायिक में दे और आत्म कल्याण के मार्ग में आगे बढ़ें। धर्म साधना के लिए दिया गया आपका समय निश्चित ही आगे आपको लाभ देगा। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाज़रा ने दी।

# शहर के साथ-साथ आज गांव में भी दिखा तिरंगा यात्रा का उत्साह



राजनांदगांव (दावा)। एक और जहां आज शहर में तिरंगा यात्रा के प्रति कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया वहीं घुमका, तिलई, अर्जुनी, मुसरा मुरमुंदा तथा कुमर्दा, गैंदाटोला में भी तिरंगा यात्रा जोर शोर से निकाली गई।

तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक मूलचंद लोधी ने बताया कि घुमका में मंडल अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा के नेतृत्व में घुमका से बाटगांव से भैंसातरा तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें मुख्यवक्ता मूलचंद लोधी थे। तिलई में मंडल अध्यक्ष परदेसी सोनबोईर के नेतृत्व में तिलई से उपरवाह तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें प्रमुख वक्ता सांसद संतोष पांडे, राजेश श्यामकर थे, मुसरा मुरमुंदा में लक्ष्मी नारायण वर्मा के नेतृत्व में बिलहरी से मुसरा होते हुए मुरमुंदा तक निकाली गई। तिरंगा यात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

कुमरदा मंडल के अध्यक्ष हृदयराम देवांगन के नेतृत्व में बांद्राटोला से कुमरदा तक निकाली गई। तिरंगा यात्रा में जिला उपाध्यक्ष चंद्रिका डडसेना एवं कैलाश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसी तरह वनांचल क्षेत्र गैंदाटोला में खिलेश्वर साहू के नेतृत्व में कल्लू बंजारी से चिरचारी कला तक निकाली गई। तिरंगा यात्रा में भारी उत्साह नजर आया, जिसमें जिला महामंत्री रविंद्र वैष्णव एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जागृति यदु विशेष रूप से उपस्थित रही।

राजनांदगांव ग्रामीण पश्चिम के अध्यक्ष मनोज साहू के नेतृत्व में सुकुलदैहान से गठुला तक तिरंगा यात्रा निकलेगी जिसके प्रमुख वक्ता सांसद संतोष पांडे होंगे। इसी तरह से डोंगरगांव में दीना पटेल के नेतृत्व में डोंगरगांव से जामसराय तक तिरंगा यात्रा निकाली जिसमें मुख्य वक्ता श्रीमती अंजू त्रिपाठी नगर पंचायत अध्यक्ष होंगी। 14 अगस्त को ही तुमडीबोड के मंडल अध्यक्ष जागेश्वर यादव के नेतृत्व में मारगांव से आलीखूंटा तक तिरंगा यात्रा निकलेगी, जिसके मुख्य वक्ता दिनेश गांधी होंगे। आज 14 अगस्त को ही लालबहादुर नगर के मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे के नेतृत्व में लालबहादुर नगर से मड़ियान से आंडी तक तिरंगा यात्रा निकलेगी। इसके मुख्य वक्ता भरत वर्मा एवं प्रशांत कोढ़ापे, पर होंगे छुरिया से कामता प्रसाद साहू के नेतृत्व में घोगरे से पिंनकापार तक तिरंगा यात्रा निकलेगी, जिसके मुख्य वक्ता अजय पटेल एवं संजय सिंहा होंगे।

# सनसिटी में स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी का आयोजन एक ही दिन





राजनांदगांव (दावा)। सन सिटी परिवार के अध्यक्ष आनंद चोपड़ा ने बताया कि आज़ादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव एक ही दिन 15 अगस्त को मनाया जायेगा। इस दिन सुबह 9 बजे से सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया जायेगा उसके पश्चात बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस, भाषण व गायन प्रतियोगिता रखी गई है, साथ ही सन सिटी में कार्यरत कर्मचारियों एवं घरों में काम करने वाली बाईयों के करीब 200 बच्चों को 500 रूपये तक की शिक्षा सामग्री वितरित की जायेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सन सिटी के सम्मानित सीनियर सिटीजन महिलाएं शांति बाई गोलछा, सरस्वती माहेश्वरी, कचरी बाई गोते, सुवा देवी सांखला, शारदा बक्शी, सुकुमारी कुसुम राव, भंवरी बाई सोनी, लक्ष्मी देवी बिंदल, शांता माहेश्वरी, विमला मालू, निशा मिठीया, शशि खंडेलवाल, शीला जोशी, सरस्वती देवांगन, मीना सांखला होंगे।

इस कार्यक्रम हेतु प्रभारी पिंकी माहेश्वरी, रितिका तिवारी, नीलम सोनी, अर्पिता जेठानी हैं। इसी दिन दोपहर 2 बजे से श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया जायेगा, जिसमें सभी कान्हा जी को सजाकर श्रृंगार कर लायेंगे। इसके बाद 3 बजे भव्य जुलूस निकलेगा जो सन सिटी में भ्रमण करेगा, 4 बजे से प्रभु के लिए छप्पन भोग लगाया जायेगा। रात्रि 7 बजे सभी के लिए प्रसादी रखी गई है। 8 बजे महाआरती छप्पन भोग के साथ होगी एवं रात्रि 8.30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के नृत्य के साथ शुरू होगा। फिर रैंप वॉक (एक से पांच साल के बच्चों) मां बेटी, बेटा या पिता बेटी, बेटा का होगा, नृत्य प्रतियोगिता (जन्माष्टमी थीम पर), नृत्य वाटिका, ओपन माइक भक्ति संध्या, क्विज सीनियर सिटीजन के लिए, राधाकृष्ण की एंट्री के साथ ही इस्कॉन के तर्ज पर डांस बच्चों के ग्रुप द्वारा, महारास गरबा तथा रात्रि 12 बजे श्री कृष्ण जन्म उत्सव आरती एवं पंजरी प्रसाद का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम के प्रभारी दीप्ति बिंदल, रूपाली गांधी, नीलू अग्रवाल, रितिका तिवारी, पिंकी माहेश्वरी, अर्पिता जेठानी, मनीषा देवांगन, रुचि श्रीवास्तव, विभा गुप्ता, नीलम सोनी, निशा डागा होंगे। उक्त दोनों कार्यक्रम के लिए अतुल चोपड़ा, सुशील माहेश्वरी, दिलीप गोलछा, राजेश डागा, अशोक अग्रवाल, योगेश कोटक, विशाल शर्मा, लालू सांखला एवं सन सिटी की पूरी कार्यकारिणी का सहयोग मिल रहा है। उक्त जानकारी पीआरओ मनीष साहिता, कुणाल शर्मा ने दी।

### ब्रह्माकुमारीज द्वारा 24 को विशाल रक्तदान शिविर

राजनांदगांव (दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा 24 अगस्त को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन होने जा रहा है। 25 अगस्त को संस्था के पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि का 18वीं पुण्य स्मृति दिवस है। इस दिन को ब्रह्मकुमारीज द्वारा विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जाता है। 22 से लेकर 25 अगस्त तक भारत व नेपाल में स्थित समस्त ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्रों पर यह रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

# छह साल की दुष्कर्म पीड़ित का इलाज न होना शर्मनाक : कुलबीर छाबड़ा

### 0 नियमों का हवाला देकर डॉक्टरों ने बच्ची के इलाज कराने भटकाते रहे माता-पिता

### 0 शहर कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। पेंड्री मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में डॉक्टरों की संवेदनहीनता के 06 साल की दुष्कर्म पीड़ित बच्ची का इलाज भी नहीं किया। दुष्कर्म के बाद गंभीर रूप से घायल बच्ची को उनके माता-पिता बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया तो डॉक्टरों ने उसे जिला हॉस्पिटल ले जाने की बात कही दी गई। बिलखते परिजन तड़पती बच्ची को जिला अस्पताल पहुंचे जहां से उसे दोबारा फिर मेडिकल कॉलेज रेफर किया इस दौरान पुलिस अधिकारी द्वारा बच्ची को तत्काल ट्रीटमेंट करने की मिन्नत की लेकिन संबंधित विभागाध्यक्ष नियमों का हवाला देकर उन्हें लौटा दिया गया। जिसको लेकर बुधवार 13 अगस्त को शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा महामहिम राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द कार्यवाही करने व लेट-लतीफी करने पर कांग्रेस द्वारा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि दुष्कर्म से पीड़ित एक छह वर्षीय बच्ची का इलाज कराने मेडिकल कालेज लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा नियमों का हवाला देकर पल्ला झाड़ दिया वहीं पुलिस अधिकारी की बातों को भी नजर अंदाज कर इलाज नहीं किया गया। एक मासूम को इलाज की आवश्यकता है पर संवेदनहीनता डॉक्टरों के कारण स्थिति और भी बिगड़ रही है। कांग्रेस द्वारा लगातार मेडिकल कॉलेज की स्थिति सुधारने अधीक्षक व डीन को ज्ञापन सौंपकर मांग की जा रही है। जब से भाजपा की सरकार आयी है तब से मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल की स्थितियां दिन-ब-दिन बिगड़ती ही जा रही है।

प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के प्रभार जिले व छ.ग. विधानसभा के अध्यक्ष व राजनांदगांव के विधायक डॉ.रमन सिंह खुद डॉक्टर है और रमन सिंह अपने निर्वाचन क्षेत्र में रहने के बावजूद इस तरह की घटना होना और उनकी अनदेखी कर ऐसी संवेदनशील मामले में मौन रहना आश्चर्य का विषय है। जबकि ऐसी घटनाओं को तत्काल संज्ञान में लेकर संबंधित डॉक्टरों पर त्वरित कार्यवाही करना चाहिए, वहीं भाजपाई नेता भी मौन साधे हुए हैं। श्री छाबड़ा ने कहा कि हम कांग्रेसजन महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर तत्काल संवेदनहीनता रखने वाले डॉक्टरों पर कड़ी कार्यवाही की मांग करते है और कार्यवाही नहीं होती है, नहीं तो आने वाले दिनों में आमजनता के साथ मिलकर कांग्रेसजन उग्र आंदोलन करने बाध्य होगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## अनमोल दावा

"सकारात्मक सोचो, सकारात्मक बोलो, सकारात्मक करो, और सकारात्मक फल पाओ।

## सम्पादकीय

# दवा बाजार की सरपट दौड़ जोखिमों से भरी

भारत सरकार दवा बाजार को मानव उपयोगी बनाने प्रयासरत है। जब तब वह नुकसान देय व फिजूल दवाओं पर प्रतिबंध लगाने एवं दवाओं को सस्ती करने की कवायद करती है। किन्तु, इससे जनता को अपेक्षित कोई फायदा नहीं पहुंचता। अब तो दवाओं का नया बाजार रौशन हो गया है। वजन कम करने के लिए बाजार में उपलब्ध दवाओं का वैश्विक बाजार चंद सालों में लगभग100 बिलियन डालर तक पहुंचने का अनुमान है। केवल भारत में ही पिछले चंद सालों में इसका बाजर पांच गुना बढ़ गया है। वर्तमान में इसका मूल्यांकन करें तो यह लगभग 73 मिलियन डालर है। डायबिटिज और मोटापे की मरीजों की बढ़ती संख्या से भी इसके व्यापार में वृद्धि हो रही है । इन्टरनेशनल डायबिटिज फेडरेशन के अनुसार, भारत में डायबिटिज (सुगर) के मरीजों की वृद्धि में तेजी से बढ़ौतरी हो रही है। चौकानें वाली सूचना यह कि विश्व में डायबिटिज के पीड़ितों की दर के चार में से एक भारतीय है। अमुक वर्ग समृद्धि की ओर अग्रसर है। उनकी जीवनशैली में जंक फुड खाने का प्रचलन बढ़ा है। वे आरामतलब हो गए हैं। रात्रि जागरण, भोजन में अनियमितता भी सुगर बढ़ने के कारण हैं। इसके दुष्परिणाम से मोटापा भी रोग बना है।

निःसंदेह जेनेरिक दवाओं के उत्पादन को बढ़ाने की यहां गुंजाइश है। प्रायः प्रत्येक भारतीयों के परिवार में एक व्यक्ति बीमार है। समाज या परिवार में कोई न कोई व्यक्ति एक डाक्टर की भूमिका में रहता है। वह किसी को भी कुछ होता है तो अपने सुझाव देनें लगता है।

सस्ती जेनैरिक दवाएं बाजार में उपलब्ध है। किन्तु, कमीशनखोर डाक्टरों की जमात जेनैरिक दवाओं को लिखते नहीं। ऐसे डाक्टर उन्ही दवाओं को पर्चियों में लिखते हैं, जिनकी ज्यादा से ज्यादा बिक्री से उन्हे फायदा पहुंचता है। दूसरी बात यह भी कि अभी भी लोगों का जेनेरिक दवाओं पर भरोसा कम है। वे किसी प्रकार का कोई जोखिम उठाना नहीं चाहते। भारतीय दवा कम्पनियां भी मुनाफाखोर हो गई हैं।

अब पुनः डायबिटिज और मोटापे के विषय पर आते हैं। इस रोग के उपयोंग में आने वाली दवा ''सेमाग्लुटाईड'' का पेटेन्ट 2026 में लगभग 100 देशों में खत्म हो जाएगा। जिसमें भारत, केनेडा और ब्राजिल का भी समावेश होता है। सेमाग्लुटाईड से बनी दवाएं डेनिश फार्मास्युटिकल कम्पनी नावा नाडिस्क के द्वारा ''आजेम्पिक'' और ''विगोली'' ब्रांड के नाम से बेचा जाता है। ये दवा कम्पनियां सफल पाई गई हैं। केवल 2024 में ही 25 बिलियन डालर की आय हासिल की हैं। चकित करने वाली बात यह नहीं हैं कि भारत की फार्मास्युटिकल कम्पनियां भी एक बड़े अवसर पाने की राह देख रही है। हमारे देश की फार्मास्युटिकल कम्पनियां-उद्योग सभी बड़ी कम्पनियों जैसे कि जैसे कि डा. रेड्डीज बायोकान, सनफार्मा, ल्युपिन, सिपला, ओरबिन्दो फार्मा, मैरिको आदि स्वयं इंजेक्शन तैयार करने, टेबलेट स्वरूप में दवाओं का उत्पादन करने की योजना बना रही है। किन्तु, उन्हें कितना अवसर मिलता है? गुणवत्ता पर भी ध्यान देना होगा और ग्राहकों को वाजिब कीमतों में दवाएं मिले, इस पर बहुत कुछ निर्भर करता है। समृद्ध होने की दिशा में कूच करने के मार्ग पर अवरोधों का भी सामना करना पड़ेगा।

वर्तमान का समय लोभ-लालच से ग्रसित है। पर्याप्त सुरक्षा के बगैर व जांच प्रक्रिया की उपेक्षा से मैन्युफेक्करिंग उद्योगों से अनुबंध बहुत हानिकारक साबित होगा। जबकि, अभी तक ऐसा ही होता आया है। फ्रेन्चाईज युनिट में उत्पादित बच्चों के कप-सिरप के साथ जुड़ी अनेक घटनाओं ने दवा बाजार को चेतावनी दी है। दवांए विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में बननी चाहिए। प्रत्येक एलोपैथी दवाओं के साइड इफेक्ट भी होते हैं जो नुकसान भी पहुंचाते हैं। उदाहरण के लिए, किडनी की दवाओं से पेट में गंभीर समस्या होती है। जिस देश में प्रिस्क्रिब्शन के बगैर दवाएं सरलता से उपलब्ध होती हैं, वहां स्वाभाविक रूप से मरीजों को इसका खामियाजा भी भुगतान पड़ता है। दवा बाजार में प्रायः प्रत्येक दवाओं के सबटीट्यूड भी मिलते हैं, जिसके नकली होनें की संभावना अधिक होती हैं। ऐसी स्थिति में ड्रग कन्ट्रोलर को दवाओं के उत्पादन और वितरण पर गिद्ध दृष्टि रखना अनिवार्य है। खास कर, उन दवाओं पर जिनके पेटेन्ट खत्म हो गए हैं।

# कथनी अउ करनी

**प्रिया देवांगन "प्रियू"**



'आज कोर्ट म अंतिम फैसला अवइया हे; कोन जनी का होही ते? मोर जीव बड़ धुकुर-धुकुर करत हे।'' रामकली ह अपन गोसइया हीरालाल ल बोलत चुप होगे। ''का पता बाई! आज का होही ता, शहर के पढ़े-लिखे लोगन मन ये सब बात ल पतियाय नहीं।'' बड़ सँसों करत हीरालाल घलो कलेचुप कोर्ट जाय के तैयारी म लग गे।

''सब के सब कोर्ट पहुँचिन।''

वकील ह फाइल के पन्ना ल पलटत रामकली अउ सरोज ल आमने-सामने कटघरा म खड़ा करा के बात ल फेर खोदर के पूछिस; काबर कि वकील के काम ही हरै पक्का सबूत अउ गड़े मुर्दा ल उखानना।

वकील बोलिस-''सरोज अपनी बातें जज साहब को बताइए।''

सरोज बोलिस - ''जज साहब! रामकली हर मोर ऊपर सोझ्झे अंगरी उठावत हे। मोला जादू-टोना करे हस, मोर लइका के तबियत ह तोर कारन बिगड़े हे कहिथे।''

''मँय अइसन काबर करहूँ जज साहब!''

''रामकली आप क्या कहना चाहती है जज साहब को बताइए।'' वकील ह रामकली ल तिखारत बोलिस।

रामकली के आँसू धीर नइ धरत रिहिस सुसकत बोलिस-''सरोज लबारी मारत हे जज साहब; मोर बेटा के पाछु परे हे। मोला बोले रिहिस अब तोर बेटा ल बचा के बता; अउ दू-तीन बेर मँय परछो पा गे हँव।''

''जज साहब! मँय अपन सात साल के बेटा ल खो देंव अउ आपमन सबूत माँगत हो।

येखर ले बड़का सबूत मँय कहाँ ले लावँव?'' रामकली के परिवार म गाज गिरे अस लागिस।

''रामकली अपन बेटा के फोटो ल पोटार के कटघरा म चित्त खा के गिर गए।''

लगभग आधा घंटा तक चाँव-चाँव होइस।

रामकली के घर वाले मन गिलास म पानी लान के आँखी म छींटा मारिस त होश म आइस रामकली ह।

जज साहब ह आर्डर-आर्डर बोल के बेंच म रखे हथौड़ी ल चार घॉव ले ठोकिस। तहाँ ले कोर्ट म सन्नाटा छा गए।

''रामकली आपने सरोज के ऊपर बिना कोई सबूत के जादू-टोना का आरोप उनके माथे मढ़ दिया। कोर्ट ये सभी अंधविश्वास को ना मानते हुए आपको दो साल की सजा सुनाती है।'' आर्डर-आर्डर! बोलत जज साहब ह अपन फाइल ल बंद करत रिहिस; ठउका रामकली बोलिस- ''ये आप ठीक नइ करत हव जज साहब! एक माँ के जिगर के टुकड़ा कोख ले छिन गे अउ आप अइसन बात करत हो। आपके कान म जुआं तक नइ रेंगिस।''

रामकली के बात ल अनसुना करत जज साहब फेर आर्डर-आर्डर करत उहाँ ले घर जाय बर अपन कार म बइठगे।

घर पहुँचिस त जज साहब का देखथे!? अकबका गे। ये आवाज हमरे घर ले आवत तइसे लगत हे। का होगे अतका रोना-धोना माते हे?

जज साहब हड़बड़ा गे; अरे! का होगे मोर बेटा ल, कइसे करत हे?

जज साहब के बाई बोलिस-''देख न जी हमर बेटा के जर ह उतरत नइ हे; दवई-बूटी काम नइ करत हे। मोर साँस घेरी-बेरी तरी-ऊपर होवत हे।''

''कोनो बइगा ल बुला देतेव का जी हमर बेटा ल नजर लगे हे तइसे लागत हे। एको कनी फूँक-झाड़ कर दिही त बने हो जाही।'' बइगा के नाम सुनते ही जज साहब ल जइसे साँप सूँघे कस लागिस।

मने मन बडबडाइस; अभी इही केस म फैसला सुना के आ हँव। जज साहब बड़ दुविधा म परगे; अब का करॅव। जीव तिलमिलाए ल लग गे। बइगा ल नइ बुलाहुँ अउ मोर बेटा ल कुछ हो जाही....नहीं.....नहीं। तुरंत अपन चपरासी ल बोलिस- ''जाओ बइगा को बुला लाओ।'' चपरासी ह जज साहब के मुँह ल बोक-बोक देख के बाहिर निकलगे।

**राजिम, जिला-गरियाबंद छत्तीसगढ़**

# संतान प्राप्ति अउ दीर्घायु के कामना परबः-हलषष्ठी

**अशोक पटेल**





हलषष्ठी परब भाद्रपद के कृष्ण पक्ष के छठ तिथि के दिन मनाय जाथे। ए कमरछठ, हरछठ के नाम से भी जाने जाथे।

इही दिन भगवान श्री कृष्ण के ज्येष्ठ भ्राता बलराम के जन्म होय रिसे। ए कारण इही दिन बलराम के जन्मोत्सव के रूप म भी मनाय जाथे । एकर पूजा के साथ्ङ्कसाथ इनकर शस्त्र हल अउ मूसल के भी पूजा करे जाथे। इहाँ ल ध्यान दे के बात ए हावय की हमर देश ह कृषि प्रधान देश आय। जिहाँ किसान अउ उनकर खेती-बाड़ी म कारज म आने वाले उपकरण के विशेष पूजा होथे। इनकर बिना कोनो भी कृषि कार्य ह सम्पन्न नई होवय। अउ इही हर भारतीय संस्कृति के रूप म हमन ल दिखाई देथे। अउ सब के प्रतिनिधि के रूप म बलराम जी ल माने जाथे।ओकरे जईसे पुत्र के कामना करत जम्मो माता मन ए व्रत ल रखथे।माता मन ए दिन संकल्प लेके दीवार म भैंस के गोबर से छट माता के चित्र बनाथे,अउ एकर साथ म गणेश, कार्तिकेय, पार्वती के पूजा करथें। एक छोट अकन तरिया भी बनाय जाथे, जेमा बोईर, परसा अउ काशी के पेड़ ल उगाए जाथे।ओ तरिया म पानी भरे जाथे। अउ ओकर तिर बईठ के माता मन छठ के कथा ल सुनथें।

एकर कथा कुछ ए प्रकार से आथे-

''चंद्रवत नाम के एक धर्मनिष्ठ राजा रहिस ओहर प्रजा के कल्याणार्थ अड़बड़ अकन तरिया खनवाईस पर ओमा पानी नई रहिस,अवईया-जवईया सब प्रजा मन ह राजा ल भला बुरा कहे लागिन।जब राजा ल ए बात के मालूम होईस त ओला अबड़ दुख होईस। उही रात के राजा ल वरुण देवता के सपना आथे अउ कथे की तय हर अपन इकलौता पुत्र ल बलि देबे त तरिया म पानी हर लबालब भर जाही। ए बात ल राजा हर अपन साभसद मन ल सुनाईस अउ कहिस की चाहे जो भी हो जाए मैं अपन पुत्र के बलि नई दे सकंव। ए बात ल ओकर पुत्र ल पता चल जाथे ओहर धर्म के मर्यादा और प्रजा के हित के लिए अपन आप ल बलि देके स्वयं तरिया म जाके बैईठ जाथे। जईसे ही ओहर तारिया म बैईठिस ओसने ही तरिया ह पानी से लबालब भर जाथे। अपन इकलौता पुत्र के बलि से राजा ल अड़बड़ दुख होथे अउ दुखी हो के ओ हर जंगल डहर चल देथे। उहाँ ओहर देखिस की कुछ एक स्त्री मन कुछ व्रत करत हावय, राजा ओकरा जाके पूछिस, त ओ स्त्री मन पुत्र के मंगल कामना अउ हलषष्ठी के विधान ल बताईस। तब राजा हर विधि-विधान पूर्वक ए व्रत ल करिस। तब ओकर पुत्र ह जीवित हो के तरिया ले बाहिर आगे। ए प्रकार से माता मन पुत्र के दीर्घायु अउ संतान प्राप्ति के लिए ए व्रत करथें। ए दिन माता मन जे जगह नागर चले रहिथे ओ जगह के फसल से बने व्यंजन के उपयोग नई करय। इहाँ-उहाँ तरीया डबरा म अपने अपन जागे पसहर चाउर के उपयोग खीर अउ पांच प्रकार के भाजी बनाके ओकर भोग लगाके अपन व्रत ल पूर्ण करथें। भईस दूध के सेवन करथें। भईस के दूध से बने व्यंजन ल ग्रहण करथें।

हमर हिंदू संस्कृति म गाय ल गाउ माता के रूप म मानथें। इही ल कामधेनु कहे जाथे। ठीक अईसन हे महत्व हमर संस्कृति म भईस के भी हावय। ओकर दूध ह बलवर्धक रहिथे, अउ यम देव के वाहन भी इही भैंसा हर आय। माता मन के द्वारा इही भईस के दूध से बने चीज के भोग लगाय जाथे। अउ यमराज ले दीर्घायु जीवन के कामना करे जाथे। ए प्रकार से ए व्रत हर लंबा उम्र के प्रतीक माने जाथे। जेमा माता बहिनी मन अपन संतान के लिए और उकार लम्बा उमर के लिए प्रार्थना करथें। ताकि उनकर संतान मन

सुख शान्ति आरोग्य अउ दीर्घायु उमर ल प्राप्त कर सकय।

## विचार सरिता

# सवाल-जवाब : जीवन में अनुशासन कैसे लाएँ? कैसे इससे जीवन सुखी बनाएँ?

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



आज की ज्ञानचर्चा में विवेक ने आचार्य सत्यव्रत से जीवन में सफलता के लिए आवश्यक बातों के संबंध में मार्गदर्शन की इच्छा व्यक्त करते हुए पूछाः-

विवेकः आचार्य जी! अनुशासन का क्या महत्व है और हम अपने जीवन में अनुशासन कैसे ला सकते हैं?

आचार्य सत्यव्रतः किसी ने उचित ही कहा है कि अनुशासन परिष्कार की अग्नि है, जिससे प्रतिभा योग्यता बन जाती है। जीवन में अनुशासन का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। यह अनुशासन न हो, तो जीवन में स्वेच्छाचार और उच्छृंखलता आ जाए। हम आलस्य का शिकार हो जाएं।हमारा जीवन असफल हो जाए। जहाँ तक जीवन में अनुशासन लाने की बात है, इसके लिए कड़ी साधना और अभ्यास की आवश्यकता होती है।

**विवेक : कैसी साधना और अभ्यास गुरुदेव ?**

आचार्य सत्यव्रतः इसके लिए स्वयं पर नियंत्रण आवश्यक है। समय की पाबंदी आवश्यक है। परिश्रम आवश्यक है। ये सब कर पाना एक साधना है और इस साधना में सफलता के लिए सतत अभ्यास आवश्यक है।

विवेकः समय की पाबंदी से आपका क्या तात्पर्य है?

आचार्य सत्यव्रतः निर्धारित समय सीमा में ही कोई कार्य पूर्ण करना और ऐसा कर पाने के लिए आलस्य का त्याग आवश्यक है। अनुशासन एक दिन का नहीं होता। इसके लिए अभ्यास चाहिए। अभ्यास भी निरंतर और नियमित हो।ब्रह्मांड में ग्रहों, उपग्रहों की गति में भी अनुशासन है। सड़क पर सरपट दौड़ती गाड़ीयों में भी अनुशासन है। नजर हटी तो दुर्घटना घटी वाली बात जीवन में हर कहीं लागू होती है। इसमें अनुशासन का अभ्यास भी शामिल है।

(सवाल और जवाब केवल सुझाव के रूप में हैं। हर परिस्थिति और हर व्यक्ति के लिए समान रूप से इनका लागू होना आवश्यक नहीं है।)

## (कविता)

# कमरछठ उपास



कमरछठ के तिहार होथे,
दाई-दीदी बर खास।
भादो पक्ष के छठ म, रहिथे
दाई-बहिनी मन उपास।
गजब के नियम बरत निभाथे,
निरजला करथे बरत,
संतान के लंबा जीवन बर
दिन भर रथे भूखन मरत।
हूम-धूप दे, दीया बार के
जगमग करथे परकास।
कमरछठ के तिहार....
चारों मुड़ा ले बईठे सब्बो,
बीच म बनाथे सगरी।
भूख-पियास अउ लोभ ल
तज के, बईठे रहिथे ये बपरी।
खेती -खार घलो नई जाय,
तज के बारी-बखरी।
दूध, दही, गुड़, घी चघा के,
मन म हरि ल सुमरी।
नवां-नवां परिधान म सज के
रखथे मन में उल्लास।।
कमरछठ के तिहार.....
गांव के सियानिन दाई सुनाथे
छै किसम के कहानी।
छै किसम के अन्न चघाथे,
दूध, दही गंगाजल पानी।
हाथ जोर के जम्मों मांगे,
सुखी जीवन जिन्दगानी।
सबल सुख सम्पति देबे,
जय हो कमरछठ महरानी।
कृष्ण-बलराम कस पूत सरीख,
जीवन भर रहे उजास।।
कमरछठ के तिहार....
कृषि परंपरा अउ ऋषि परंपरा
के सुंदर हावय मेल।
हलधारी बलराम भैया
कृषि संस्कृति के सुहेल।
पूजे जाथे माटी के बईला ,
शिवलिंग अउ खेल-खेलौना।
लईका मन ताकत रहिथे
कब मिलही खाजी-खजौना
छत्तीसगढ़ के परब-बार ह,
देथे सुघ्घर सीख।
एक दूसर ले बैर भुलाके,
सोंचथे सब बर नीक।
सब के जीवन हली-भली राहय,
उज्जर राहय अगास।।
कमरछठ के तिहार होथे,
दाई-दीदी-बहिनी बर खास।।



**आनंदराम सार्वा**
**कु. बो. भाठागांव (राज.)**

## कविता

# चंदन चाचा के बाड़े में

सूरज के आते भोर हुआ,
है बादल भी घनघोर हुआ।
इक नागिन बात मुझे बोली,
मन तेरा भी है चोर हुआ।
मैं बैठी झाड़ के आड़े में
चंदन चाचा के बाड़े में ।।
मुझे देखन को दुनिया धाई,
है शुरू हुई आवा जाई।
चल निकलें यहां से दोनों ही,
आवाज है ख़तरे की आई ।
हम घूमेंगे इक गाड़े में।
चंदन चाचा के बाड़े में।।
तुम गौर सलौने रंग लिये,
हो घूमे मुझको संग लिये।
पर जहर मेरा भी उछला है,
आई डसने का ढंग लिए ।
रहना ना छेड़े-छाड़े में ।
चंदन चाचा के बाड़े में।।
है भरी भुजा में भरे वक्ष,
हूं प्रेम का तुझसे लिये लक्ष।
पर रहना तुम मर्यादा में,
मैं डसने में भी बड़ी दक्ष।
आगे सोचेंगे जाड़े में।
चंदन चाचा के बाड़े में।
तुम चाहे तो ठोको तालें
हुंकार भरो खा खा दालें।
है पहलवानियों से मतलब,
दो चार हड्डियां तुड़वा ले।
तब रहना बंद पिटाड़े में।
चंदन चाचा के बाड़े में।।

**तजिंदर सिंह भाटिया**
**डोंगरगढ़, राजनांदगांव**

## लघुकथा

# चोरी और सीनाजोरी

वो कर रहे हैं चोरी और सीनाजोरी
सदियों वर्षों से
और यह चोरी अनवरत भी जारी है
जबकि चोरी करने के बाद
लोग सक्ते में आ जाते हैं
किंतु वह इससे अनजान बना है
और सीनाजोरी कर शान से तना है
वो इस कार्य में माहिर है
जिसके कारण गर्व महसूस करते हैं
त्योहारों को पर्व महसूस करते हैं
लोग सत्यता जानते हैं
फिर भी चोरी का विरोध नही करते
सामूहिक गृहों में पड़ते डाका
फिर भी प्रतिशोध नही भरते
इसीलिए उनकी चोरी की मंशा
दिन-ब-दिन ऐसे बढ़ते ही जाती
आजादी से घूमते रहते जेबकतरा
कोई बाल भी बांका नही कर पाती।।



**चन्द्रकांत खुंटे ''क्रांति''**
**जांजगीर-चाम्पा (छत्तीसगढ़)**




## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको व्यापार में अच्छा धन लाभ होगा और आपको धन लाभ के नए सोर्स भी नजर आ सकते हैं। आज आपको रोजगार में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे, जिनका लाभ उठाकर आप आगे बढ़ सकते हैं। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जिससे आपको भविष्य में बड़े फायदे हो सकते हैं।

**वृष राशि** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज परिवार में सुख-समृद्धि का वातावरण रहेगा। आज आपके पराक्रम और धैर्य में वृद्धि होगी, जिससे लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज बेटे की सफलता से घर में ख़ुशी का माहौल बनेगा। आज आपका दांपत्य जीवन सौहार्द्र से भरा रहेगा, आप जीवनसाथी के साथ मूवी देखने की प्लानिंग कर सकते हैं।

**मिथुन** — आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। आज आपके दैनिक जीवन की गतिविधियाँ अच्छी चलेंगी। आज आपका झुकाव आध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा, जिससे मानसिक शांति मिलेगी। आज आप परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन काफी अच्छा है।

**कर्क** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपका काम मन-मुताबिक होगा। आज मित्रों के साथ किसी खास विषय पर बातचीत होगी, जिससे आपको फायदा हो सकता है। आज आप भाई बहनों के साथ शॉपिंग करने जायेंगे, सबके साथ अच्छे से इंजॉय करेंगे। आज आप काम के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आज आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। इस राशि के इंजीनियर्स आज अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे। आज किसी जरूरी काम में जीवनसाथी की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। आज आपको ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जिससे काम सही समय पर पूरा हो जायेगा।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए खुशनुमा बना रहेगा। आज आप व्यर्थ के कामों में अपना समय बर्बाद न करें। आज आपको ऑफिशियल पेंडिंग कार्यों को पूरा करने के लिए अधिक फोकस करना चाहिए, जितना जल्दी हो सके काम को पूरा करने पर ध्यान दें। इस राशि के कंप्यूटर स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है। आज आप जितनी मेहनत करेंगे।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए बेहद खास है। आज वर्कप्लेस पर आपको किसी कार्य के लिए सहकर्मियों और सीनियर्स की मदद मिलेगी जिससे आपके कार्य पूर्णता की ओर बढ़ेंगे। आज कपड़ा व्यापारियों को अधिक लाभ होने से मन प्रसन्न रहेगा। आज वैवाहिक जीवन में सुख सौहार्द की बढ़ोत्तरी होगी और परिवार में सम्पन्नता बनी रहेगी।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए शुभ है। आज व्यापार में आपको अच्छा लाभ होगा। आज नौकरी में आपको प्रमोशन मिलने की संभावना बन रही है, जिससे आपको ख़ुशी मिलेगी। आज आप नया वाहन लेने का विचार परिवारजनों से करेंगे। आज आप अधिक भरोसा करके किसी से अपनी बातें शेयर न करें। आज आप जीवनसाथी को खुश होने की वजह देंगे।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपके सोचने की क्षमता में तेजी आयेगी और आप पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छे से निभायेंगे। आज ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक आयोजन की सूचना मिल सकती है, जिसमें आप शामिल होंगे, कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आप किसी विषय को समझने के लिए सीनियर की मदद ले सकते हैं।

**मकर** — आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। इस राशि के हाई एजुकेशन पाने की ख्वाहिश रखने वाले स्टूडेंट्स के लिये आज का दिन अनुकूल है। आज आपको बच्चों की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहेगा।

**कुंभ** — आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज कोर्ट-कचहरी का फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। आज घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी हो सकती है। आज अचानक आपके घर पर मेहमानों का आगमन हो सकता है। आज आप जो भी काम करने की सोचेंगे, उसे लेकर पॉज़िटिव नज़रिया रखने से सब काम अच्छे से होंगे।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगे, जो आपकी तरक्की में सहायक होंगे। आज आप किसी खेल प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। इस राशि के जॉब कर रहे व्यक्तियों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे हैं। आज आप अपनी बेहतर सोच से हालात को संभालने में सफल रहेंगे।

# विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में संगीत नगरी पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को दी 611 करोड़ से अधिक की विकास सौगात

## 71 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, जल संसाधन और प्रशासनिक ढाँचे को मिलेगा नया आयाम

(यतेंद्र जीत सिंह 'छोटू')





खैरागढ़ (दावा)। संगीत नगरी में हुआ प्रथम आगमन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का। उन्होंने ने बुधवार को खैरागढ़ प्रवास के दौरान नवीन जिला कार्यालय परिसर पिपरिया में आयोजित भव्य भूमिपूजन, लोकार्पण एवं हितग्राही सम्मान समारोह में खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले को 611 करोड़ 21 लाख रुपये से अधिक की विकास योजनाओं की सौगात दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 470 करोड़ 98 लाख रुपये की लागत के 18 कार्यों का भूमिपूजन तथा 140 करोड़ 23 लाख रुपये की लागत के 53 कार्यों का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन, सांसद संतोष पांडेय, खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल,जिला केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, नगर पालिका अध्यक्ष गिरीराज चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष राजेश्री शैलेन्द्र त्रिपाठी, जनपद पंचायत अध्यक्ष छुईखदान पुष्पा प्रकाश वर्मा, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रावल, पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल सहित, जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा, अरूणा राजू बनाफर,जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और हजारों की संख्या में आमजन मौजूद रहे। समारोह की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन से हुई और इस दौरान जिले का थीम सॉन्ग भी विमोचित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम से पूर्व जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन किया, जिनमें कृषि, उद्यानिकी, लोक निर्माण, शिक्षा, पंचायत सहित अन्य विभागों की योजनाएं और उपलब्धियां प्रदर्शित थीं। उन्होंने प्रत्येक स्टाल पर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली, पात्र हितग्राहियों को लाभ वितरित किया और योजनाओं के समयबद्ध एवं पारदर्शी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह दिन जिले के लिए विकास की नई इबारत लिखने वाला है। हमारी प्राथमिकता है,कि विकास की रोशनी अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे और इसका लाभ लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' मंत्र को दोहराते हुए प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी प्रतिबद्धता पर बल दिया।

### भूमिपूजन के प्रमुख कार्य

स्वास्थ्य और प्रशासनिक ढाँचे को सुदृढ़ करने के लिए सीजीएमएससी के अंतर्गत 3,800 लाख रुपये में 200 बिस्तर अस्पताल, 1,875.58 लाख में संयुक्त जिला कार्यालय भवन, 195.60 लाख में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भवन, 30 लाख में जिला क्षय रोग केंद्र एवं औषधि भंडार भवन, 74.59 लाख में जिला पशुधन विकास कार्यालय भवन तथा 71.12 लाख में साल्हेवारा में नवीन तहसील भवन का निर्माण होगा। सड़क निर्माण में 9,048 लाख रुपये से राजनांदगांव-कवर्धा-पोंडी मार्ग (30.40 किमी) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण, 186.72 लाख में सरोधी-बिपतपुर-समनापुर मार्ग, 197.82 लाख में रामपुर-बैगा-साल्हेवारा मार्ग तथा 512.59 लाख में छिंदारी-देवारचा-झिरिया मार्ग का निर्माण प्रस्तावित है। जल संसाधन के अंतर्गत 24,277 लाख रुपये से लमती फीडर जलाशय योजना, 4,721.04 लाख में आमनेर नदी वियर, बांध एवं अंडरग्राउंड बैरल (कमठा), 1,309.17 लाख में भेंढ़रा जलाशय नहर रिमॉडेलिंग, 231.86 लाख में सलौनी जलाशय शीर्ष कार्य व नहर लाइनिंग तथा गाड़ाघाट और सुरही जलाशयों के रिमॉडेलिंग कार्य क्रमशः 209.85 लाख और 184.84 लाख रुपये में होंगे।

### लोकार्पण के प्रमुख कार्य

स्वास्थ्य सुविधाओं के अंतर्गत छुईखदान और गंडई में 50-बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (प्रत्येक 100 लाख), छुईखदान ब्लड बैंक भवन नवीनीकरण (30.74 लाख), टिकरापारा, अमलीपारा और अमलीडीह खुर्द में शहरी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (हमर क्लिनिक) भवन (प्रत्येक 25 लाख) तथा खैरागढ़ सिविल अस्पताल में 3 मशीन सहित डायलिसिस इकाई (30 लाख) का लोकार्पण किया गया।

सड़क परियोजनाओं में ठाकुरटोला-लावातारा मार्ग (9 किमी पुल-पुलिया सहित) 2,398.04 लाख, अतरिया-दनिया मार्ग (8.5 किमी) 2,254.06 लाख, प्रकाशपुर-डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग-मां भवानी मंदिर प्रांगण तक चौड़ीकरण (431.31 लाख) और रगरा-खपरी (109.34 लाख), सोनपुरी-भीमपुरी (243.39 लाख), दिलीपपुर-कांचरी (289.72 लाख) सहित कई ग्रामीण मार्गों का लोकार्पण किया गया।

शिक्षा क्षेत्र में साल्हेवारा में अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निर्माण एवं रेनोवेशन (125.91 लाख) तथा साल्हेवारा और बकरकट्टा में 50 सीटर आदिवासी कन्या छात्रावास (प्रत्येक 152.97 लाख) का लोकार्पण हुआ।

जल संसाधन के अंतर्गत पदमावतीपुर, खैरी, अमलीडीह रपटा, पिपरिया नाला स्टापडेम, तीनपुलिया जलाशय, ठाकुरटोला व्यपवर्तन योजना, सुरही नदी गोकना एनीकट, अमदनिया डायवर्ज़न योजना सहित कई परियोजनाओं के रिमॉडेलिंग, लाइनिंग और निर्माण कार्य 178.21 लाख से 1,109.27 लाख रुपये की लागत से पूरे किए गए। इसके अलावा गाड़ाघाट सोलर पंप आधारित नल जल योजना (49.51 लाख), तुलसीपुर सिंगल विलेज योजना (68.04 लाख), लिमो रेट्रोफिटिंग (63.67 लाख), भुरभुसी रेट्रोफिटिंग (92.98 लाख) और जिला पंचायत संसाधन केंद्र (200 लाख) का भी लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम स्थल पर उत्साह और उल्लास का माहौल था। आमजन ने इस दिन को जिले के विकास इतिहास का स्वर्णिम अध्याय बताते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से आने वाले वर्षों में क्षेत्र की तस्वीर और तक़दीर दोनों बदलेंगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की खैरागढ़ में 500 सीटर आडिटोरियम, मुढ़ीपार में कालेज भवन,पैलीमेटा को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने, छुईखदान में बनेगा 50 लाख रुपये की लागत से उच्च स्तरीय पानी टंकी की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये विकास कार्य 'विकसित खैरागढ़' के सपने को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले के पैलीमेटा को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने, छुईखदान में 50 लाख रुपये की लागत से उच्च स्तरीय पानी टंकी निर्माण, पान की खेती को बढ़ावा देने के लिए 'पान कैफे' खोलने, खैरागढ़ में 500 सीटर ऑडिटोरियम निर्माण और मुढ़ीपार में महाविद्यालय खोलने की घोषणाएं कीं। अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाओं को तेज़ी से धरातल पर उतार रही है।। किसानों के लिए प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख मकानों को स्वीकृति मिली है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 'महतारी वंदन योजना' को क्रांतिकारी बताते हुए, मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इसके तहत 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता मिल रही है। जिससे वे आत्मनिर्भर हो रही हैं। तेंदूपत्ता के समर्थन मूल्य में वृद्धि की है और भूमिहीन मजदूरों को 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदाय किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत अब तक 22 हजार श्रद्धालु अयोध्या जा चुके हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि यह देश की पहली सरकार है, जो किसानों से 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें पूर्णतः लागू करना है। लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे और जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने भी जिले के विकास के लिए अनेक सुझाव दिए। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने भी खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्य के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को मांग पत्र सौंपा। कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल ने स्वागत भाषण में जिले के विकास कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## पहला कॉलम...

### पदुमतरा स्कूल में संस्कृत सप्ताह का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। श्रावण माह की पूर्णिमा पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पदुमतरा में संस्कृत सप्ताह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में संस्कृत व्याख्याता संतोष कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को प्राचीन भाषा संस्कृत में बोलचाल के सूत्र, वस्तुओं के नाम और व्याकरण की जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों ने संस्कृत में संभाषण कला का प्रदर्शन किया। संस्था की प्राचार्य एस.के. मिंज ने विद्यार्थियों को 25 संस्कृत ग्रंथों के नाम बताए और उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

### दुकान से नकद राशि की चोरी, कैमरे में रिकार्ड हुई वारदात



डोंगरगढ़ (दावा)। रेल्वे स्टेशन के सामने कालकापारा की ओर स्थित एक किराना दुकान में घुसकर चोर ने गल्ले में रखी नगदी रकम चुरा ली। चोर द्वारा चोरी करते हुए उसकी वारदात कैमरे में रिकार्ड हो गई है। पुलिस उक्तानुसार चोर को पकड़ने में जुटी हुई है। चोरी की उक्त घटना सोमवार की देर रात्रि की बताई जा रही है। दुकान मालिक रतनदीप नंदेश्वर सुबह जब दुकान खोलने गया तो उसे इस घटना के बारे में जानकारी लगी। दुकान के गल्ले से चार हजार रूपये गायब थे। अज्ञात चोर ने दुकान के वेंटीलेशन से घुसकर चोरी की। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जिसकी शिकायत वहां के थाने में दर्ज कराई गई। अज्ञात चोर दुकान के ताले के तोड़े बिना शटर उठाकर दुकान के उपर लगे वेंटिलेशन खिड़की से अंदर घुसा था। वहीं से उसने घटना को अंजाम दिया। पुलिस चोर को पकड़ने के लिए सरगर्मी से जुट गई है।

### विभिन्न विकास कार्यों के लिए 10 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि अंतर्गत राजनांदगांव एवं छुरिया विकासखंड के विभिन्न विकास कार्यों के लिए 10 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम खुटेरी में सामुदायिक मंच (शीतला मंदिर) के पास मैदान कांक्रीटीकरण कार्य तथा ग्राम खैरा एवं भदेरा नवागांव में पानी टेंकर के लिए और छुरिया विकासखंड के ग्राम गुण्डरदेही में बुढ़ादेव मंदिर से खेल मैदान तक सीसी सड़क निर्माण कार्य एवं ग्राम कन्हारपुरी में नाली निर्माण कार्य के लिए 2-2 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए है।

### गिरगांव में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता

डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम गिरगांव में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर प्रतिवर्षानुसार दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। 16 एवं 17 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में प्रथम से पंचम तक नगद पुरस्कारों की घोषणा की गई है। इस धार्मिक आयोजन के समापन समारोह 17 अगस्त रविवार को होगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संतोष पांडे सांसद होंगें। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश गांधी पूर्व जिपं अध्यक्ष राजनांदगांव तथा विशेष अतिथियों में जागृति चुन्नी यदु सभापति जिपं राजनांदगांव, रामकुमार गुप्ता, राजू यादव मंडल अध्यक्ष भाजपा तुमड़ीबोड़, कुमानसिंह नेताम सदस्य जपं डोंगरगांव, तिलेश्वरी गिरधारी सिन्हा सरपंच गिरगांव, गोकुल राम सिन्हा महामंत्री भाजपा, हेनुराम साहू सोसायटी अध्यक्ष दीवानभेड़ी, दिग्विजय साहू उपसरपंच गिरगांव की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

## मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित, राष्ट्रीय रैंक में दर्ज की शानदार छलांग

### डोंगरगांव को गार्बेज फ्री सिटी, 1 स्टार मेहनत, एकजुटता और संकल्प की जीत



डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ का छोटा सा नगर पंचायत डोंगरगांव अब पूरे देश में अपनी अलग पहचान बना चुका है। स्वच्छ डोंगरगांव सुंदर डोंगरगांव का सपना हकीकत में बदलते हुए, इसने स्वच्छता के राष्ट्रीय मंच पर ऐसा परचम लहराया है। 12 अगस्त 2025 को बिलासपुर में आयोजित स्वच्छता संगम 2025 के भव्य मंच पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नगर पंचायत डोंगरगांव को स्वच्छता एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया।

सम्मान ग्रहण करने मंच पर पहुंचीं नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनम्र जेमा, स्वच्छता शाखा के कर्मचारी और स्वच्छता दीदियाँ सबके चेहरे गर्व और खुशी से दमक रहे थे। मुख्यमंत्री के हाथों मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र ग्रहण करते ही डोंगरगांव का नाम पूरे हाल में तालियों की गडग़ड़ाहट के बीच गूंज उठा। इस विषय को लेकर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि डोंगरगांव ने स्वच्छता की दौड़ में जिस रफ्तार से छलांग लगाई है, वह अपने आप में रिकॉर्ड है. साथ में गार्बेज फ्री सिटी 1 स्टार का गौरव डोंगरगांव को प्राप्त हुआ है। सिर्फ आंकड़ों का बदलाव नहीं, यह बदलाव लोगों की सोच, आदतों और सामूहिक जिम्मेदारी का नतीजा है।

सुबह की पहली किरण के साथ गलियों में झाड़ू लगाती स्वच्छता दीदियों की मेहनत, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, गीला-सूखा कचरा अलग करने की व्यवस्था और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी इन सबने मिलकर यह उपलब्धि मिली है। यह पुरस्कार डोंगरगांव की पूरी जनता का है। स्वच्छता दीदियों ने मेहनत की, कर्मचारियों ने योजनाएं लागू की और जनता ने साथ दिया। यही वजह है कि हम 106 से 33 रैंक पर पहुंचे. मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनम्र जेमा ने कहा यह तो बस शुरुआत है।

अब हमारा लक्ष्य गार्बेज फ्री सिटी 3 स्टार है, रीसाइक्लिंग, वेस्ट टू वेल्थ और प्लास्टिक फ्री डोंगरगांव पर विशेष जोर रहेगा। स्वच्छता दीदियाँ असली नायक हर सुबह बिना थके, बिना रुके स्वच्छता दीदियाँ डोंगरगांव की गलियों में सफाई का अलख जगाती हैं। सम्मान पाकर लौटे प्रतिनिधिमंडल का नगर में जोरदार स्वागत हुआ। फूलमालाओं, बैंड-बाजे और बधाई के नारों से पूरा शहर गूंज उठा, हर गली, हर चौराहे पर बधाई के बैनर लटकते दिखे।

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर रामजी भारती को बधाई दी गई



जिले से एक मात्र प्रदेश पदाधिकारी बनाए गए पूर्व विधायक रामजी भारती

डोंगरगढ़ (दावा)। नवनियुक्त प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती को क्षेत्र में लगातार सक्रियता का लाभ मिला। यही कारण है कि राष्ट्रीय नेतृत्व की सहमति और प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की अनुशंसा पर भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर पूर्व विधायक रामजी भारती का गोल बाजार डोंगरगढ़ में भव्य स्वागत किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने श्री भारती के निवास में जाकर नया दायित्व मिलने पर उनका अभिनंदन कर बधाई व शुभकामनाएं दी।इसअवसर पर शहर मंडल डोंगरगढ़ अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, नगर पालिका अध्यक्ष, शहर मंडल के पदाधिकारीगण, महिला मोर्चा, पार्षद गण तथा भारतीय जनता पार्टी डोंगरगढ़ के समस्त कार्यकर्ताओं के द्वारा आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। श्री भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर समस्त कार्यकर्ताओं में बहुत उत्साह का माहौल है ।

## बदबू से परेशान ग्रामीण पहुंचे एसडीएम कार्यालय, अपनी समस्याएँ गिनाते जल्द समाधान निकालने की आस



डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम गिरगांव के ग्रामीण बुधवार को अपनी समस्याएं लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार उनके ग्राम से लगा हुआ एबिस कंपनी का मुर्गी खाद डंपिंग यार्ड संचालित है, जिसमें इस कंपनी के सभी मुर्गी फार्म से बड़ी मात्रा में मुर्गी का बीट इकट्ठा किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार प्रदेश सहित महाराष्ट्र का भी मुर्गी खाद को यहां डंप किया जा रहा है। अधिक मात्र में बीट एक जगह एकत्रित होने की वजह से उनका पूरा गांव बदबू से भरा हुआ है और इस डंप यार्ड से बारिश की वजह से गंदगी बहकर निस्तारी तालाब में आ रहा है, जिससे ग्रामीणों को तरह तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संग्रहण केंद्र के बनने के पूर्व इसी निस्तारी तालाब से पेयजल की भी आपूर्ति की जाती थी किंतु अब यहां का जल काफी प्रदूषित हो चला है और पालतू पशुओं भी इस पानी को नहीं पीते हैं. इस मामले को लेकर गिरगांव के ग्रामीण एसडीएम कार्यालय डोंगरगाँव पहुंचकर अपनी समस्याएँ बतायी और एसडीएम श्रीकांत कोराम से जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की। इस मामले में एसडीएम श्री कोराम ने कहा कि मौके का निरीक्षण करने के पश्चात ग्रामीणों के हित में जो भी बेहतर से बेहतर होगा उपाय किया जायेगा, वहीं इसकी सूचना ग्रामीणों ने थाने में भी दी है।

## आज मोर तिरंगा-मोर अभियान के तहत मंडल स्तरीय भारत माता की आरती जयस्तंभ चौक में



डोंगरगढ़ (दावा)। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला भाजपा के निर्देशानुसार भाजपा शहर मंडल डोंगरगढ में मोर तिरंगा-मोर अभियान अवसर पर मंडल स्तरीय भारत माता की आरती कार्यक्रम का आयोजन आज आयोजित है। प्रदेश संयोजक नीलू शर्मा के निर्देशानुसार, व जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं जिला संयोजक मूलचंद लोधी निर्देशानुसार नवनियुक्त भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक रामजी भारती होंगे।

14 अगस्त दिन गुरुवार को शाम 07 बजे जय स्तंभ चौक डोंगरगढ़ में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेंदर सिंग बन्नो आना साथ में डोंगरगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा उपस्थित रहेंगे। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना,विनीत यादव ,विनय बंसल महामंत्री भाजपा शहर मंडल ,संयोजक विनय बंसल,सह संयोजक हरीश मोटघरे,सह संयोजक वात्सला श्रीवास्तव द्वारा इस अवसर पर सभी पूर्व विधायक गण, सभी वरिष्ट गण,सभी मंडल पदाधिकारी एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण, सभी पार्षद गण, पूर्व पार्षदगण, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक, सभी बूथ अध्यक्ष एवं भाजपा के सभी जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है।

## रायपुर में आयोजित झूम तराना महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि कुलपति हुई शामिल



खैरागढ़ (दावा)। लिटिल जीनियस अकादमिक परिषद एवं कृष्णा संगीत, नृत्य एवं ललित कला महाविद्यालय के तत्वाधान में रायपुर में आयोजित झूम तराना महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा उपस्थित रहीं। उक्त झूम तराना महोत्सव की शुरूआत कुलपति प्रो (डॉ)लवली शर्मा के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उक्त राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में लगभग 1200 प्रतिभागियों ने भारतीय कला, संस्कार, संस्कृति एवं विभिन्न प्रदेशों के लोकनृत्य, भारतीय राष्ट्रीय नृत्य शैली, गायन शैली, वादन शैली को प्रस्तुत किया। इस दौरान कुलपति प्रो (डॉ) लवली शर्मा ने भारतीय संस्कृति एवं कला को अक्षुण्ण बनाये रखने तथा इसके विस्तार को लेकर वृहद स्तर पर आयोजित उक्त महोत्सव की प्रशंसा करते हुये आयोजनकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी

## संयुक्त किसान मोर्चा दिल्ली के आव्हान पर प्रदेश किसान संघ ने किया किसान मार्च




खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश किसान संघ द्वारा दिनांक 13 अगस्त को जिला मुख्यालय राजनांदगांव में तथा जिला मुख्यालय खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में किसानो ने किसान मार्च कर जिलाधीश के द्वारा महामहिम राष्ट्रपति तथा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया। प्रदेश किसान संघ के द्वारा लगातार छत्तीसगढ़ में खाद की किल्लत, कालाबाजारी को लेकर लगातार आंदोलन करते आ रहे है, हाल ही में दिनांक 6 अगस्त 2025 को राजनांदगांव के लाइसेंसी खाद व्यापारियों के गोदामों में छापामारी की कार्यवाही प्रशासन की उपस्थिति में की गई थी, जिसमें 200 बोरी युरिया जप्त की गई थी तथा प्रशासन द्वारा किसान संगठन को आश्वासन कराया गया था कि जल्द ही खाद की कमी पूर्ति की जायेगी, लेकिन आज तक खाद की पूर्ति नही की गई है तथा कालाबाजारी दिन दुगुनी रात चौगुनी बढ़ती जा रही है जिसमें किसानों के शासन प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। प्रदेश किसान संघ द्वारा संयुक्त किसान मोर्चा के द्वारा देशभर के किसानों के ऊपर बढ़ती समस्या तथा किसानों के अस्तित्व को बचाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा किसान विरोधी समझौता अमरीका के साथ किया जाने के विरोध में राष्ट्रव्यापी आंदोलन और उनकी मांगों का समर्थन करते हुए कारपोरेट भगाओ, देश बचाओ के नारो को जमीन पर उतारने के कड़ी में आंदोलन किया गया। किसान मार्च में किसानों ने प्रमुख रूप से समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी 117 रूपये का भुगतान, राजीव गांधी न्याय योजना की 4थी किश्त भुगतान, खाद की किल्लत दूर करते एवं राष्ट्रीय मांग, समर्थन मूल्य गारंटी कानून बनाने, सी2+50 प्रतिशत फार्मूले के तहत, बिजली का निजीकरण बंद करो, केन्द्र सरकार द्वारा अमरीका के साथ किये जा रहे किसान विरोध समझौता रद्द करो, खनिज संसाधनों की लूट के लिए जल-जंगल-जमीन की लूट बंद करो, छत्तीसगढ़ को अडानी ग्रुप को सौंपने की नीति पर रोक लगाओ युक्तियुक्तकरण के नाम पर शासकीय स्कूलों को निजीकरण के हाथो सौंपना बंद करो, एस.एस.सी., पी.एस.सी. जैसे परीक्षाओं में पारदर्शिता और सरकारी नौकरियों में भर्ती तत्काल किया जाए सहित देश भर के मजदूर किसान विरोधी नीतियो का खुलकर विरोध किया। किसान मार्च में मुख्य रूप से सुदेश टीकम, रमाकांत बंजारे, ईश्वरी नेताम, साधुराम धुर्वे, उमेश वर्मा, देवलाल साहू, मदन साहू, मदन मोहन, गैंदलाल, हरिशचंद साहू, महेश साहू, श्याम साय सिन्हा सहित सैंकड़ो किसान कार्यक्रम में शामिल हुए।

# मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण एवं आगामी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संदर्भ में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण एवं आगामी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के पूर्व मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण हेतु निर्देशित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग के दिये गए निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों के भौतिक सत्यापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण कार्य अंतर्गत 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों का चिन्हांकन कर नये मतदान केन्द्र या निकटवर्ती मतदान केन्द्र में अनुभागों का युक्तियुक्तकरण हेतु प्रस्ताव तैयार किया गया है। अनुभागों का नये सिरे से सीमांकन एवं नामकरण हेतु प्रस्ताव तैयार किया गया है। जर्जर मतदान केन्द्र का भवन या आस-पास अन्य नवनिर्मित भवन को मतदान केन्द्र भवन परिवर्तन हेतु प्रस्ताव तैयार किया गया है। मतदान केन्द्रों के मतदाताओं को 2 किलोमीटर से अधिक दूरी तय नहीं करना पड़े, इस हेतु ग्राम के निकटतम भवन में मतदान केन्द्र प्रस्तावित किया गया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा 68 नये मतदान केन्द्र, 4 मतदान केन्द्रों के भवन परिवर्तन, 5 मतदान केन्द्रों के स्थल परिवर्तन, 1 मतदान केन्द्र का नाम परिवर्तन, 27 मतदान केन्द्रों के अनुभाग स्थानान्तरण, 7 मतदान केन्द्र के अनुभाग का नाम परिवर्तन का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। विधानसभावार मतदान केन्द्रों की संख्या 1006 है। युक्तियुक्तकरण उपरांत कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1074 हो जाएगी।

बैठक में बताया गया कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत 23 नये मतदान केन्द्र, 2 मतदान केन्द्रों के भवन परिवर्तन, 3 मतदान केन्द्रों के स्थल परिवर्तन, 1 मतदान केन्द्र का नाम परिवर्तन, 1 मतदान केन्द्रों के अनुभाग स्थानान्तरण, 7 मतदान केन्द्र के अनुभाग का नाम परिवर्तन का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। क्षेत्र में मतदान केन्द्रों की संख्या 270 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत 20 नये मतदान केन्द्र, 24 मतदान केन्द्रों के अनुभाव स्थानान्तरण का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। क्षेत्र में मतदान केन्द्रों की संख्या 223 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत 20 नये मतदान केन्द्र, 1 मतदान केन्द्र के भवन परिवर्तन का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। क्षेत्र में मतदान केन्द्रों की संख्या 252 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत 5 नये मतदान केन्द्र, 1 मतदान केन्द्रों के भवन परिवर्तन, 2 मतदान केन्द्रों के स्थल परिवर्तन, 2 मतदान केन्द्रों के अनुभाग स्थानान्तरण का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। क्षेत्र में मतदान केन्द्रों की संख्या 261 है। विधानसभावार अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी की स्थिति में मतदाताओं की संख्या 832681 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 414190, महिला मतदाताओं की संख्या 418485 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 6 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत मतदाताओं की संख्या 213992 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 107580, महिला मतदाताओं की संख्या 106409 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 3 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत मतदाताओं की संख्या 217047 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 106109, महिला मतदाताओं की संख्या 110936 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 2 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत मतदाताओं की संख्या 102840 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 103750, महिला मतदाताओं की संख्या 102840 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 1 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत मतदाताओं की संख्या 195051 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 96751 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 98300 है। विधानसभावार अगस्त 2025 की स्थिति में मतदाताओं की संख्या 835128 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 415056, महिला मतदाताओं की संख्या 420066 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 6 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत मतदाताओं की संख्या 214672 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 107813, महिला मतदाताओं की संख्या 106856 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 3 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत मतदाताओं की संख्या 217765 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 106373, महिला मतदाताओं की संख्या 111390 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 2 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत मतदाताओं की संख्या 207212 है।

## तिलई मंडल में तिरंगा यात्रा की तैयारी के लिए कार्यशाला



राजनांदगांव (दावा)। हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा और मोर तिरंगा, मोर अभिमान अभियान को सफल बनाने के लिए तिलई मंडल में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

इसी क्रम में भाजपा तिलई मंडल के अध्यक्ष परदेशी राम सोनबोईर के नेतृत्व में ग्राम बोईरडीह के बूथ क्रमांक 249 पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भारत माता की प्रतिमा के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया और प्रतिमा के चारों ओर तिरंगे झंडे लगाए गए। इसके बाद, मंडल के सभी बूथों पर जाकर बूथ अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं के घरों में तिरंगा झंडा वितरित किया गया और फहराया गया। मंडल अध्यक्ष परदेशी राम सोनबोईर ने बताया कि 13 अगस्त बुधवार को तिलई से एक भव्य बाइक रैली के माध्यम से तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस रैली में 100 से अधिक बाइकें शामिल होंगी।

## सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने सीएम साय के सामने रखा खैरागढ़ विकास खाका

**शिव मंदिर पुल, पर्यटन स्थलों के पुनर्निर्माण, तीर्थाटन कॉरिडोर और मुढ़ीपार महाविद्यालय सहित प्रस्ताव सौंपे**



खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई क्षेत्र के बहुआयामी विकास के लिए मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाक़ात कर सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने विस्तृत ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सांसद संतोष पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार, भाजपा नेता खम्हन ताम्रकार एवं विक्रांत चंद्राकर भी मौजूद रहे। ज्ञापनों में क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव शामिल किए गए, जिनमें सबसे प्रमुख टिकरापारा में मोतीनाला पुल और शिव मंदिर रोड पर पुल निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने की मांग रही। भागवत शरण सिंह ने बताया कि बरसात के मौसम में इन स्थानों पर जलभराव और तेज़ बहाव के कारण आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है, जिससे स्कूल-कॉलेज के छात्र, मरीज़ और आपातकालीन सेवाएं प्रभावित होती हैं। इसके साथ ही, रूसे जलाशय और वन ग्राम मलैदा के रियासतकालीन विश्राम गृहों के पुनर्निर्माण का भी प्रस्ताव दिया गया। भगवत शरण सिंह ने कहा कि ये स्थल कभी शाही ठहराव और ग्रामीण-जनजातीय संस्कृति के केंद्र थे, जो अब जर्जर या नष्ट हो चुके हैं। इनके पुनर्निर्माण से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा और सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण होगा।

श्री रूखखड़ स्वामी मंदिर एवं परिसर के सर्वांगीण विकास का भी विशेष प्रस्ताव ज्ञापन में शामिल रहा। इसमें लक्ष्मण झूला शैली का पैदल पुल, संस्कृत विद्यालय/महाविद्यालय, ध्यान-साधना केंद्र और स्वामी जी के जीवन एवं शिक्षाओं पर आधारित सूचना केंद्र/संग्रहालय की स्थापना का सुझाव दिया गया। खैरागढ़ की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने के लिए स्कूली शिक्षा पाठ्यक्रम में भारतीय कला व संगीत को शामिल करने की मांग भी रखी गई। भागवत शरण सिंह ने कहा कि इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय की विशेषज्ञता का उपयोग कर विद्यालय स्तर से ही कला-संगीत शिक्षा शुरू की जाए, ताकि छत्तीसगढ़ की लोक एवं शास्त्रीय कला को नया जीवन मिले। ज्ञापनों में सबसे व्यापक योजना के रूप में ÷तीर्थाटन कॉरिडोर÷ विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसमें गोपालपुर से भोरमदेव तक के 50 से अधिक धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों को एक साथ जोड़ा जाएगा। इससे क्षेत्र की धार्मिक पहचान, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। इसके अतिरिक्त, मुढ़ीपार में महाविद्यालय खोलने की भी मांग ज्ञापन में शामिल रही। मुख्यमंत्री से मुलाक़ात के दौरान सभी प्रस्तावों को क्षेत्र के विकास, पर्यटन, सांस्कृतिक संरक्षण और आधारभूत संरचना सुधार के दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री ने ज्ञापनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश देने का आश्वासन दिया।

## मोतीपुर के शासकीय विद्यालय में योग, स्वास्थ्य और महिला जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय विद्यालय मोतीपुर में 7 अग्रस्त को योग और आध्यात्म, स्वास्थ्य-स्वच्छता एवं महिला जागरूकता पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों को इन महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक करना था। सबसे पहले, विद्यालय की सहायक शिक्षिका ने स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा, शरीर धन-सम्पदा के समान है। इसलिए हमें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए और विटामिन युक्त भोजन का सेवन करना चाहिए, ताकि हमारा शरीर मजबूत रहे। इसी तरह साफ-सफाई रखने से हम बीमारियों से बचे रहेंगे। इसके बाद चैरिटी के मुख्य मार्गदर्शक ओमप्रकाश सहारे ने योग और आध्यात्म पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योग हमारे शरीर को मजबूत बनाता है। जबकि आध्यात्म हमें मन और तन की शांति प्रदान करता है।

उन्होंने इन दोनों पर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान ओमप्रकाश सहारे ने महिला जागरूकता के विषय पर भी बात की। उन्होंने कहा कि देश और समाज को नई दिशा देने में महिलाओं का विशेष योगदान होता है, इसलिए उनकी रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। जिसका हम सभी को निर्वहन करना चाहिए।

## महाविद्यालय में विश्व आदिवासी दिवस मना



गंडाई (दावा)। महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा बहुत ही हर्ष एवं उल्लास से 12 अगस्त 2025 को विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती अनीता पौषार्य वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी ने आदिवासी संस्कृति को बहुत ही सरल एवं सर्वाधिक रूप से बताया एवं विशिष्ट अतिथि सहायक प्राध्यापक प्रदीप कुमार अमिला ने शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया कि कैसे हम शिक्षा के द्वारा अपने अधिकार और अस्तित्व को बचा सकते हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सहायक प्राध्यापक भागवत राम वर्मा ने जनजाति समाज के अतुल्य ज्ञान परंपरा को विस्तार से बताएं कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्राध्यापक ने अपना विचार रखें। कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं बड़ी ही संख्या में जनजाति संस्कृति से संबंधित मनमोहक नृत्य कर सभागार को उत्साह से भर दिया साथ उत्साह वर्धन उद्बोधन में भी बढ़-चढ़कर छात्रों ने भाग लिया महाविद्यालय के प्राध्यापक गण असित साहू, डॉक्टर पदमनी सिंह, गौरव जैन, शिल्पी देवांगन, शुभम दुबे, दीपांशु यादव एवं कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## गायत्री विद्या मंदिर में छात्र परिषद का गठन



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा एवं संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी गायत्री विद्या मंदिर कंचनबाग, राजनांदगांव में छात्र परिषद का गठन किया गया।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए शाला की वरिष्ठ शिक्षिका एवं मीडिया प्रभारी चेतना साहू ने बताया कि शाला के अनुशासन को बनाये रखने के दृष्टिकोण से कुल 8 क्षेत्रों में प्रभारी एवं उपप्रभारियों को मनोनित किया गया। इन 8 क्षेत्रों में कुल 36 विद्यार्थियों का दायित्व सौंपे गये। शाला नायक के रूप में प्रिंस श्रीवास, शाला नायिका रूपाली साहू, खेल प्रभारी पीयूष नेताम, धनवन्त्री साहू, अनुशासन प्रभारी गुलशन पात्र, नीतू सोनकर, सांस्कृतिक प्रभारी पीयूष द्विवेदी, नंदनी साहू, प्रार्थना प्रभारी गुलशन पाण्डे, पुष्पांजली निर्मलकर, कला प्रभारी ऋषभ साहू, प्रतिज्ञा दर्वेकार, स्वच्छता प्रभारी दीपप्रकाश साहू, तृप्ति मानिकपुरी एवं मीडिया प्रभारी रोहन श्रीवास, माही बेरिया को जिम्मेदारी सौंपी गई एवं पद की शपथ दिलाई गई।

शाला के प्राचार्य सुश्री सीमा श्रीवास्तव जी ने बच्चों से मुखातिब होते हुए कहा कि आपको बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसे आपको निष्ठापूर्वक निभाना है। सभी बच्चों का पद अनुरूप बैच भी लगाया गया।

## सौर ऊर्जा से गगन का घर हुआ रौशन

राजनांदगांव (दावा)। शासन की प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना बहुत किफायती एवं उपयोगी है। सौर ऊर्जा पर्यावरण मित्र है तथा भविष्य के लिए इसका उपयोग महत्वपूर्ण साबित होगा। राजनांदगांव शहर में इस योजना के प्रति जनसामान्य में रूझान बढ़ा है। सौर ऊर्जा का उपयोग करते हुए अपने बिजली के बिल में कमी लाने के लिए उपभोक्ता अपने घरों में सोलर पैनल लगाकर विद्युत की बचत कर रहे हैं। राजनांदगांव शहर के कमला कॉलेज रोड निवासी गगन गुप्ता ने बताया कि उन्होंने अपने घर में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 5 लाख रूपए की लागत से 10 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगाया है।

शासन की ओर से 78 हजार रूपए की अनुदान राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि पहले 10 से 15 हजार रूपए बिजली बिल आता था। जिससे वह परेशान थे। जब से इस योजना के तहत सोलर पैनल लगाए हैं, तब से बिजली के बिल से राहत मिली है और अब तो बिजली का बिल शून्य हो गया है। वहीं अतिरिक्त बिजली का उत्पादन होने के बाद जमा भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि शासन की यह योजना बहुत उपयोगी है और

**सोलर पैनल लगाने के लिए आसानी से बैंक से मिल रहा ऋण**

इस योजना के तहत सोलर पैनल लगाने के लिए आसानी से बैंक से ऋण भी मिल रहा है। इस योजना का लाभ लेने के लिए सभी को अधिक से अधिक प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर पैनल लगाना चाहिए। इस योजना का लाभ लेते हुए बिजली उपभोक्ता से ऊर्जादाता बन सकते है। सौर ऊर्जा अक्षय ऊर्जा का स्रोत है, जिससे पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी यह बहुत अच्छा है। उन्होंने शासन की इस महत्वपूर्ण योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अपने घर की छत पर ही ऊर्जा का उत्पादन करने की यह पहल बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में कारगर साबित हो रही है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित होगा, जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है। इससे न केवल उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है, बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है। शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत 30 हजार रूपए से 78 हजार रूपए तक की सब्सिडी प्रति प्लांट दिए जाने का प्रावधान है। रूफटॉप सोलर संयंत्र की क्षमता अनुसार लागत राशि एवं सब्सिडी अलग-अलग है। उपभोक्ता द्वारा सोलर प्लांट के ब्रांड चयन कर सकते हैं। 3 किलोवाट से अधिक क्षमता का प्लांट लगाने पर अधिकतम 78 हजार रूपए तक सब्सिडी का प्रावधान है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को व ` ब स ा इ ´ ट pmsuryaghar.gov.in या PMSuryaGhar मोबाईल एप पर पंजीयन कर लॉग इन आईडी प्राप्त करना होगा। इसके बाद वेब पोर्टल पर उपलब्ध वेंडर का चुनाव कर बिजली कर्मचारी की मदद से वेब पोर्टल पर पूर्ण आवेदन करना होगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**रोहतास ग्रुप के लखनऊ में छह और....**

जिले के कारवार विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक हैं। सूत्रों के अनुसार, सैल पर अवैध तरीके से खनन किए गए उस लौह अयस्क के निर्यात का आरोप है, जिसे कर्नाटक के कारवार स्थित बेलेकेरी बंदरगाह से वन अधिकारियों ने जब्त किया था।

**सावरकर पर बयान के कारण जान का....**

हुई, जो जनता को अच्छी तरह पता है। इस पृष्ठभूमि में, इसमें कोई संदेह नहीं है कि शिकायतकर्ता, उनके परदादा (गोडसे), विनायक सावरकर की विचारधारा से जुड़े लोग और सावरकर के कुछ अनुयायी जो वर्तमान में सत्ता में हैं, गांधी के प्रति शत्रुता या नाराजगी रखते होंगे। आवेदन में कहा गया है, शिकायतकर्ता के वंश से जुड़ी हिंसक और संविधान विरोधी प्रवृत्तियों के इतिहास के मद्देनजर, और मौजूदा राजनीतिक माहौल को देखते हुए, यह स्पष्ट, उचित और पर्याप्त आशंका है कि राहुल गांधी को विनायक दामोदर सावरकर की विचारधारा को मानने वाले व्यक्तियों की ओर से नुकसान पहुंचाया जा सकता है। राहुल गांधी के वकील ने कहा, इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि विनायक दामोदर सावरकर की असंवैधानिक विचारधारा और विचारों से प्रेरित और नाथूराम व गोपाल गोडसे जैसी खतरनाक मानसिकता रखने वाले कुछ लोग गांधी के जीवन के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। अदालत पहले ही इस मामले में राहुल गांधी को जमानत दे चुकी है। इस याचिका पर प्रतिक्रिया देते हुए, सत्यकी सावरकर ने कहा कि यह तुच्छ है और मुकदमे में देरी करने के इरादे से दायर की गई है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, गांधी की ओर से दायर आवेदन में उल्लिखित तथ्यों का वर्तमान मामले से कोई लेना-देना नहीं है। सत्यकी सावरकर ने गांधी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। आरोप लगाया गया है कि मार्च 2023 में लंदन में दिए गए भाषण में कांग्रेस नेता ने दावा किया था कि वीडी सावरकर ने एक किताब में लिखा है कि उन्होंने और उनके पांच से छह दोस्तों ने एक बार एक मुस्लिम व्यक्ति की पिटाई की थी और उन्हें (सावरकर को) खुशी हुई थी। सत्यकी सावरकर ने कहा कि ऐसी कोई घटना कभी नहीं हुई और वीडी सावरकर ने कभी भी कहीं ऐसी कोई बात नहीं लिखी।

**श्री बांके बिहारी मंदिर न्यास गठन के...**

और दिव्यांगों के लिए अलग दर्शन मार्ग, पेयजल, विश्राम हेतु बेंच, पहुंच एवं कतार प्रबंधन कियोस्क, गौशालाएं, अन्नक्षेत्र, रसोईघर, होटल, सराय, प्रदर्शनी कक्ष, भोजनालय और प्रतीक्षालय जैसी व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। इस तरह होगा न्यास का गठनः - न्यास में 11 मनोनीत और 7 पदेन सदस्य होंगे। मनोनीत सदस्य- वैष्णव परंपराओं/संप्रदायों/पीठों से 3 प्रतिष्ठित सदस्य (जिनमें साधु-संत, मुनि, गुरु, विद्वान, मठाधीश, महंत, आचार्य, स्वामी सम्मिलित हो सकते हैं)। सनातन धर्म की परंपराओं/संप्रदायों/पीठों से 3 सदस्य। सनातन धर्म की किसी भी शाखा/संप्रदाय से 3 सदस्य (प्रतिष्ठित व्यक्ति/शिक्षाविद/विद्वान/उद्यमी/वृत्तिक/समाजसेवी)। गोस्वामी परंपरा से 2 सदस्य- स्वामी हरिदास जी के वंशज; एक राज-भोग सेवादारों और दूसरा शयन-भोग सेवादारों का प्रतिनिधि.सभी मनोनीत सदस्य सनातनी हिंदू होंगे। उनका कार्यकाल 3 वर्ष का होगा। पदेन सदस्य में मथुरा के जिला मजिस्ट्रेट, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर निगम आयुक्त, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के सीईओ, बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट के सीईओ और राज्य सरकार का नामित प्रतिनिधि शामिल होंगे। यदि कोई पदेन सदस्य सनातन धर्म को नहीं मानने वाला/गैर-हिंदू हुआ, तो उसकी जगह उससे कनिष्ठ अधिकारी को नामित किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री का आह्वानः हर घर तिरंगा.....**

जब देश आर्थिक रूप से मजबूत होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प के अनुरूप छत्तीसगढ़ ने भी 'विकसित छत्तीसगढ़' का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए 'छत्तीसगढ़ अंजोर' विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया गया है, जिसमें प्रदेश के समग्र विकास का रोडमैप प्रस्तुत किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे 'हर घर तिरंगा' अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अपने घरों पर तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता संग्राम के वीरों का स्मरण करें। उल्लेखनीय है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत रायपुर में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। रायपुर के शहीद स्मारक भवन से तेलीबांधा तक निकली तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वयं शामिल हुए और हजारों नागरिकों के साथ कदम से कदम मिलाकर देशभक्ति का संदेश दिया। यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम के नारों से पूरा मार्ग गूंज उठा। इस अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि तिरंगा हमारा मान, अभियान और पहचान है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रगति और खुशहाली की ओर अग्रसर है। यह तिरंगा यात्रा उन वीर सैनिकों को समर्पित है जिन्होंने इसकी रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर किया। कार्यक्रम में विभिन्न सैन्य अभियानों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रदेश के भूतपूर्व सैनिकों को भी सम्मानित किया गया। विधायक किरण सिंह देव ने कहा कि तिरंगा हमारी पहचान और हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यह हमें एकजुट करता है और हमें याद दिलाता है कि हम सब एक भारत हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। तिरंगा यात्रा में विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नंद कुमार साहू, छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा, सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**ब्रह्मोस है हमारे पास, उन्हें बकवास.....**

ओवैसी ने एक मुद्दों पर भी खुलकर बात की। उन्होंने कांग्रेस नेता फिरोज खान की ओर से 2023 के तेलंगाना चुनावों के दौरान कथित तौर पर छह लाख से अधिक फर्जी वोट डाले जाने का आरोप लगाने पर कहा, उनके जैसे कई ठुकराए हुए प्रेमी हैं। ये चुनावी कीड़े हैं। वे चुनाव के दौरान जागते हैं और उसके बाद फिर से सो जाते हैं। मैंने तेलंगाना में मुसलमानों और दलितों से विशेष रूप से कहा है कि वे अपने जन्म प्रमाण पत्र बनवा लें। अपने सभी निवास प्रमाण-पत्र व्यवस्थित कर लें। अगर ये लोग इसी तरह बात करते रहे, तो वे सर का खतरा पैदा कर रहे हैं। SIR विवाद पर ओवैसी ने कहा, दलित और मुसलमान सबसे गरीब हैं। अगर उनका नाम शामिल नहीं किया गया, तो कल यही भाजपा कहेगी कि ये लोग देश के नागरिक नहीं हैं। SIR गरीब समुदाय के लिए सबसे मुश्किल काम है। मुझे पार्टियों के बीच चल रही इन सभी बेकार बहसों से ज्यादा SIR की चिंता है। अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ पर ओवैसी ने कहा, अमेरिका के राष्ट्रपति को यह तय करना होगा कि वह उस देश के साथ व्यापार करेंगे, जहां आतंकवाद एक व्यापार है, या भारत के साथ, जो उनका रणनीतिक सहयोगी रहा है। ट्रंप कौन होते हैं, यह कहने वाले कि हमें तेल नहीं खरीदना चाहिए? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से एक सख्त बयान आना चाहिए था, लेकिन विदेश मंत्रालय की ओर से केवल एक बयान आया।

**हिमाचल में उत्तरकाशी जैसा मंजर....**

बागीपुल हादसे में नौ लोग बह गए थे, जिनमें तीन के शव मिले जबकि छह आज भी लापता हैं। उपायुक्त कुल्लू तोरूल एस रवीश ने बताया कि भीमडवारी से बागीपुल तक के क्षेत्र को खाली करवाया गया है। भीमडवारी से बाढ़ आने की सूचना आई है। दूसरी सूचना बठाहड़ में बाढ़ आई है, इस कारण यहां पर कुछ वाहनों और काटेज के बहने की सूचना मिली है। इस कारण बंजार में नदी किनारे मकानों को खाली करवाया गया है। दोनों घटना से भी तक किसी भी प्रकार के कोई जानी नुकसान की सूचना नहीं मिली है। कुल्लू जिला में तीन दिन तक अलर्ट जारी किया गया है। लोगों से आग्रह है कि नदी नालों से उचित दूरी बनाकर रखें। बिना कार्य से घर से बाहर न जाएं।

**जिंदगी में पहली बार मरे लोगों....**

और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह मामला बिहार में चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाता है। फिलहाल, स्थानीय प्रशासन ने जांच शुरू करने का आश्वासन दिया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोप लगाए हैं। कांग्रेस सांसद ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर चुनाव आयोग पर तंज करते हुए लिखा, जीवन में बहुत दिलचस्प अनुभव हुए हैं, लेकिन कभी मृत लोगों के साथ चाय पीने का मौका नहीं मिला था। इस अनोखे अनुभव के लिए, धन्यवाद चुनाव आयोग!

**छत्तीसगढ़ बीजेपी में बड़ा बदलावः राहुल बने....**

राहुल योगराज टिकरिहा को प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा, विभा अवस्थी को प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा, अशोक साहू को प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, आलोक सिंह ठाकुर को प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा, डॉ. सनम जांगड़े को प्रदेश अध्यक्ष अजा मोर्चा, सत्यनारायण सिंह को प्रदेश अध्यक्ष अजजा मोर्चा, मखमूर इकबाल खान को प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, अवधेश सिंह चंदेल को प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक, चुन्नीलाल साहू को प्रदेश प्रकोष्ठ सह-संयोजक, हेमंत पाणिग्रही को मीडिया संयोजक, मितुल कोठारी को सोशल मीडिया संयोजक, सुनील पिल्लई को आईटी संयोजक बनाया गया है। छत्तीसगढ़ बीजेपी मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी को पार्टी ने अब नई जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें पार्टी का प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है। इस जिम्मेदारी को मिलने पर चिमनानी ने अपने सोशल मीडिया हेंडल पर पोस्ट कर लिखा कि भाजपा ने प्रदेश पदाधिकारी एवं प्रदेश प्रवक्ता की नई जिम्मेदारी दी है। इसका निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने का पूरा प्रयास करूंगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी रहते सभी मीडिया के मित्रो का अपार सहयोग रहा ,जिसके लिए सदैव आप सभी का ऋणी रहूंगा।एक भाई के नाते सभी मीडिया के मित्रो के साथ सदैव साथ रहूंगा। मीडिया की मेरी पूरी टीम और सभी साथियों का कोटि कोटि धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मीडिया प्रभारी रहते मेरा प्रत्यक्ष ,अप्रत्यक्ष सहयोग किया। सभी घोषित प्रदेश पदाधिकारियों को बहुत बहुत बधाई। जय हिंद,जय छत्तीसगढ़।

**तेजस्वी यादव ने एसआईआर को लेकर चुनाव....**

गई है... पहले भाजपा के पास चुनाव में धांधली करने का फॉर्मूला था, जिसमें CBI और E D को लगाया गया था, लेकिन जब ये सभी एजेंसियां फेल हो गईं, तो चुनाव आयोग को आगे किया गया। तेजस्वी ने कहा, 2020 में भी चुनाव आयोग ने वोट चुराए... हमें 10 सीटों पर 12,000 वोटों के अंतर से हराया गया...चंडीगढ़ मेयर चुनाव में CCTV के बावजूद पकड़े गए, इसलिए चुनाव आयोग ने CCTV ही हटा दिया। देश की जनता सब समझती है... चुनाव आयोग सिर्फ भाजपा का साथ दे रहा है। विपक्ष के वोट कम कर रहा है और एक ही विधानसभा क्षेत्र में भाजपा वालों के लिए दो EPIC नंबर बना रहा है। तेजस्वी यादव ने कहा, अब गुजरात के लोग बिहार के वोटर बन रहे हैं। बीजेपी के प्रभारी भीखूभाई दलसानिया पटना के वोटर बन गए हैं। उन्होंने अपना आखिरी वोट 2024 में गुजरात में डाला, लेकिन वो अभी भी पटना के वोटर हैं। गुजरात में उनका नाम कट गया था, लेकिन गौर करने वाली बात है कि अभी पांच साल भी नहीं हुए और आप जगह बदलकर वोट देने लगे। जब बिहार चुनाव खत्म हो जाएगा, तो नाम कटवाकर वो कहां जाएंगे? ये एक साजिश है जिसे आप सभी को समझना होगा। बीजेपी चुनाव आयोग की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर बेईमानी कर रही है।

# मंडल प्रशिक्षण संस्थान हेतु 100 वर्ष पुराने रेलवे विद्यालय को चलते सत्र में बंद करने का रेलवे अधिकारी ने तुगलकी फरमान दिया

डोंगरगढ़ (दावा)। शहर के रेलवे कॉलोनी में स्थित एसईसी रेलवे मिश्रित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को बंद कर रेलवे द्वारा मंडल स्तर पर बहु-विषयक मंडल प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना करने का निर्णय लिया गया है। ऐसे संस्थान मंडल स्तर पर रेलवे कर्मचारियों को विभिन्न विषयों में व्यापक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए स्थापित किए जाते हैं। रेलवे अधिकारी के ऐसे तुगलकी फरमान से स्कूल में अध्यनरत छात्र-छात्राओं व उनके पालको में भारी असंतोष व्याप्त है।

रेलवे अधिकारी द्वारा विद्यालय के प्राचार्य को सख्त निर्देश दिया गया है कि तत्काल प्रभाव से पालकों की बैठक कराकर विद्यार्थियों के स्थानांतरण प्रमाण पत्र के लिए राजी कराया जाए, ताकि उनका दाखिला शहर में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में कराया जा सके। रेलवे अधिकारी द्वारा इसके लिए जिला कलेक्टर से अनुमति ले ली गई है।

### बैठक में विरोध दर्ज कराया पालकों ने

रेलवे अधिकारी के निर्देश पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य गंगा प्रसाद खैरवार ने स्कूल में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के पालकों की बैठक कराकर सहमति बनाने एवं उन्हें रेलवे अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान समस्त पालकों ने बैठक में उपस्थित सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल के समर्थन से रेलवे अधिकारी द्वारा लिए गए निर्णय का विरोध कर उच्च अधिकारियों के समक्ष आपत्ति दर्ज कराने का निर्णय लिया गया। और किसी भी स्थिति में अध्यनरत छात्र-छात्राओं का स्थानांतरण प्रमाण पत्र पर सहमति नहीं देने का निर्णय लिया गया।

### रेलवे अधिकारी द्वारा लिया गया तुगलकी फरमान

रेलवे सी पी ओ (आई आर) दर्शनीता अहलूवालिया द्वारा लिए गए निर्णय में कहा गया है कि विद्यालय एक पुराने भवन में स्थित है, जिसमें रिसाव और छत की समस्याएँ हैं। यह सख्त निर्देश दिया जाता है कि छात्रों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। इसलिए, सहायक अभियंता (एईएन) यह प्रमाणित करें कि भवन विद्यालय संचालन के लिए सुरक्षित है। इस भवन का उपयोग एमडीडीटीआई के लिए प्रस्तावित था। इसलिए मैंने इस मुद्दे पर राजनांदगांव कलेक्टर सर्वेश भूरे से चर्चा की। जिन्होंने सभी छात्रों को राज्य सरकार के आत्मानंद स्कूल में समायोजित करने का वादा किया है। छात्रों को बीच में स्थानांतरित करना मुश्किल है, इसलिए इसकी व्यवहार्यता की तुरंत जांच की जानी चाहिए। इसलिए इस पर हमारा निर्णय शीघ्र होना चाहिए।

### स्कूल को बंद होते मूकदर्शक बन कर देख रहे है शहरवासी व जनप्रतिनिधि




○ आक्रोशित पालकों ने सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल के समर्थन से दर्ज कराया विरोध
○ प्रकृति को अपनी गोद में बसाने वाले ऐतिहासिक स्कूल को बंद होते मूकदर्शक बनकर देख रहे है शहरवासी और जनप्रतिनिधि

शहर के रेलवे कॉलोनी में संचालित ऐतिहासिक स्कूल अपने गोद में प्रकृति को समाएं हुए हैं। 100 वर्ष पूर्व से संचालित इस स्कूल में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं की यादें इस स्कूल से जुड़ी हुई है। रेलवे अधिकारियों की पॉलिसी के चलते इस स्कूल को धीरे-धीरे बंद किया जा रहा है। यदि रेलवे के अधिकारी और क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि चाहते तो बी एम वाय चरोदा (भिलाई) एवं शहडोल में संचालित रेलवे स्कूल की तरह डोंगरगढ़ में स्थित रेलवे स्कूल भी अनवरत संचालित हो सकता है।

### रेलवे स्कूलों और सीजी स्कूलों में सीबीएसई पैटर्न लागू होने में मुख्य अंतर

रेलवे स्कूलों और सीजी स्कूलों (छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा बोर्ड) में सीबीएसई पैटर्न लागू होने में मुख्य अंतर यह है कि रेलवे स्कूल सीबीएसई बोर्ड के तहत संचालित होते हैं। जबकि सीजी स्कूल छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित राज्य शिक्षा बोर्ड के तहत। सीबीएसई बोर्ड अखिल भारतीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है। जबकि सीजी स्कूल मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ राज्य के लिए मान्य है। बोर्ड रेलवे स्कूल सीबीएसई (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) द्वारा शासित होते हैं, जबकि सीजी स्कूल सीजीबीएसई (छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल) द्वारा शासित होते हैं।

मान्यता : सीबीएसई बोर्ड अखिल भारतीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है, और इसके प्रमाण पत्र देश भर के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में स्वीकार किए जाते हैं। सीजी स्कूल का प्रमाण पत्र मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ राज्य के भीतर मान्य है।

पाठ्यक्रम : सीबीएसई का पाठ्यक्रम अखिल भारतीय स्तर पर एक समान है, और यह मुख्य विषयों जैसे गणित, विज्ञान और अंग्रेजी पर केंद्रित है। सीजी स्कूल का पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य के लिए विशिष्ट है और इसमें स्थानीय भाषाओं और संस्कृति को भी शामिल किया जा सकता है।

परीक्षा : सीबीएसई की परीक्षाएं अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित की जाती हैं, जबकि सीजी स्कूल की परीक्षाएं छत्तीसगढ़ राज्य में आयोजित की जाती हैं।

भाषा : सीबीएसई में अधिकांश स्कूल अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाते हैं, लेकिन कुछ हिंदी माध्यम में भी होते हैं। सीजी स्कूलों में शिक्षा का माध्यम हिंदी या छत्तीसगढ़ी हो सकता है, लेकिन अंग्रेजी माध्यम के स्कूल भी मौजूद हैं। स्थानांतरण : यदि किसी छात्र को एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थानांतरित होना है तो सीबीएसई बोर्ड का प्रमाण पत्र उसे आसानी से दूसरे सीबीएसई स्कूल में प्रवेश पाने में मदद करता है। सीजी स्कूल का प्रमाण पत्र छत्तीसगढ़ के भीतर आसानी से मान्य होता है, लेकिन अन्य राज्यों में स्थानांतरण के समय समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### गलत जानकारी देकर रेलवे अधिकारी को गुमराह कर रही है सीपीओ - सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल

स्कूल भवन की स्थिति के संबंध में रेलवे अधिकारी द्वारा दी गई मिथ्या जानकारी के संबंध में सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल द्वारा आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा गया कि जो जानकारी रेलवे अधिकारी द्वारा अपने उच्च अधिकारी को दी गई है, वहां मिथ्या है। उनके द्वारा जारी किए गए तुगलकी फरमान के विरोध में हर स्तर की लड़ाई स्कूली छात्र-छात्राओं व पालकों के साथ मिलकर लड़ी जाएगी और किसी भी स्थिति में स्कूल को बंद होने से बचाया जाएगा एवं विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले अधिकारी का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा।

# ज्ञान का भंडार होती हैं पुस्तकें - दीपक परगनिहा

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशानुसार महाविद्यालय के ग्रंथालय में महाविद्यालय के ग्रंथपाल परस राम के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस का आयोजन किया गया। जिसने महाविद्यालय के रजिस्ट्रार दीपक कुमार परगनिहा उपस्थित थे।

सर्वप्रथम प्रोफेसर डॉ. एस.आर. रंगनाथन के चित्र में पुष्प अर्पित किया गया। तत्पश्चात ग्रंथपाल परस राम ने बताया कि भारत में पुस्तकालय के जनक प्रोफेसर डॉ. एस.आर. रंगनाथन की याद में पुस्तकालय दिवस मनाया जाता है। रंगनाथन का जन्म दक्षिण भारत के तमिलनाडु राज्य में छोटे से शहर शियाली में 9 अगस्त 1892 को हुआ। उनकी पुस्तकालय के क्षेत्र में प्रमुख देन पुस्तकालय विज्ञान के पांच नियम किताबें उपयोग के लिए हैं। हर पाठक को उसकी पुस्तक, हर किताब को उसका पाठक, पाठक का समय बचाएं और पुस्तकालय एक वर्धनशील संस्था है।



दिग्विजय महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस

रजिस्ट्रार दीपक कुमार परगनिहा ने कहा कि किसी भी शैक्षिणक संस्था का सबसे महत्वपूर्ण स्थान होता है पुस्तकालय। ये वह स्थान होता है जहां विद्यार्थी मौन अध्ययन कर अपने ज्ञान में अभिवृद्धि करतें है। पुस्तकें ज्ञान का भंडार होती हैं, परंतु हर विद्यार्थी के लिए सभी पुस्तके क्रय कर पाना संभव नहीं होता। उन्हें सभी प्रकार के पुस्तके पढ़ने का अवसर पुस्तकालय में ही मिलता है।

डॉ. रंगनाथन को याद करते हुए उन्होंने कहा कि लाइब्रेरियन के रूप में रंगनाथन का प्राथमिक उद्देश्य लोगों तक किताबों को आसानी से पहुंचाकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत करना था। डॉ. रंगनाथन ने भारत के लिए एक राष्ट्रीय पुस्तकालय प्रणाली की योजना तैयार की। जिसका उद्देश्य देशभर में पुस्तकालय सेवाओं को विकसित करना था। पुस्तकालय के क्षेत्र में उनके योगदान को हम नमन करते हैं। कार्यक्रम का संचालन परसराम ग्रंथपाल शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय ने किया। कार्यक्रम में श्रीमती आकांक्षा एवं कु. चित्रा, स्ववित्तीय शिक्षक, सभी लाईब्रेरी स्टाफ एवं बि-लिब की छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नशामुक्त भारत अभियान के 5 वर्ष पूर्ण : समाज कल्याण विभाग ने किया सामूहिक संकल्प

राजनांदगांव (दावा)। समता जन कल्याण समिति, राजनांदगांव एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में सामूहिक संकल्प कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नशामुक्त भारत अभियान के सफल 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. निर्मला उमरे, प्राचार्य, शा. शिवनाथ कॉलेज रहीं। अध्यक्षता वैशाली मैडम, उप संचालक, समाज कल्याण विभाग ने की। विशेष अतिथि के रूप में शिशुपाल खोब्रागड़े (अध्यक्ष, समता जन कल्याण समिति), गिरीश गांधी (समाजसेवी एवं गायत्री परिवार सदस्य) एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### शुभारंभ व प्रेरक वक्तव्य

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे ने अपने संबोधन में कहा– नशा सिर्फ व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे परिवार का जीवन बर्बाद कर देता है। विशेष रूप से युवाओं को चाहिए कि वे अपने सपनों और करियर को नशे की लत में न गवाएँ। शिक्षा और सकारात्मक सोच ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।

उप संचालक वैशाली मरड़वार ने कहा कि समाज कल्याण विभाग विभिन्न पुनर्वास योजनाओं के माध्यम से नशामुक्त समाज की दिशा में कार्यरत है। लेकिन वास्तविक परिवर्तन तभी संभव है जब हर व्यक्ति इस अभियान में अपनी भूमिका निभाए। हरीश गांधी ने ऊर्जावान गीत प्रस्तुत करते हुए कहा कि जीवन का असली आनंद नशे में नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर और स्वच्छ विचारों में है। नशे से दूर रहना ही युवाओं की सबसे बड़ी सफलता है। प्रोफ़ेसर





आर.एस. कन्नौजे ने मंच संचालन के दौरान नशे के प्रकार, उनके दुष्प्रभाव और निवारण के उपायों को विस्तार से समझाया।

### लाभार्थी की प्रेरणादायक कहानी

कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण वह था जब नशामुक्ति केंद्र के एक पूर्व लाभार्थी ने अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया नशे की लत ने मेरा सब कुछ छीन लिया। मैं शराब और नशे का इतना आदी हो गया था कि घर का सामान बेच देता था। रोज़-रोज़ के झगड़ों और मेरी आदतों से परेशान होकर पत्नी ने तलाक ले लिया। बच्चे मुझसे दूर हो गए। मैं बेरोज़गार हो गया और समाज में मेरा सम्मान खत्म हो गया।

एक दिन मेरे बड़े भाई ने मुझे समता जन कल्याण समिति के नशामुक्ति केंद्र में भर्ती कराया। यहाँ मुझे अनुशासन, परामर्श, और जीवन में वापस लौटने की प्रेरणा मिली। धीरे-धीरे मैंने नशा छोड़ दिया। आज मेरे पास अपना ई-रिक्शा है, फिर से पत्नी और बच्चे मेरे साथ हैं, और मैं सम्मानपूर्वक अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा हूँ।

### कई लाभार्थी नशामुक्त जीवन जीते हुए दूसरों के लिए प्रेरणा बने - शिशुपाल खेब्रागढ़े

अध्यक्ष शिशुपाल खोब्रागड़े ने बताया कि संस्था वर्ष 2020 से जिले में नशामुक्ति केंद्र का संचालन कर रही है और अब तक लगभग 400 परिवार यहाँ से लाभान्वित हो चुके हैं। कई लाभार्थी नशामुक्त जीवन जीते हुए दूसरों के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध चिकित्सा, परामर्श, पुनर्वास एवं रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी दी।

### मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति ने समां बांधा

शासकीय कला पथक दल ने नशामुक्ति पर आधारित गीत प्रस्तुत कर वातावरण को ऊर्जामय बनाया। दल के कलाकार बीरबल सिंह साहू, रामप्रसाद यादव, तिहारु सिंह ध्रुव के गीतों के माध्यम से जागरूकता लाने का प्रयास किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन में नागेश मुंजारे, सविता सिन्हा, अमिता देशमुख, सीमा देवांगन, दीपक साहू, अरविंद मेरावी, मीनाक्षी बंजारी एवं उनकी समर्पित टीम द्वारा किया गया।

# मिनीमाता का व्यक्तित्व समाज के लिए पथ प्रदर्शक : कांग्रेस

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता की पुण्यतिथि के अवसर पर शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा 11 अगस्त सोमवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान शहर के सतनाम भवन परिसर में स्थित मिनीमाता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के अगुवाई में न्यू बस स्टैण्ड स्थित सतनाम भवन में ममतामयी मिनीमाता के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर मिनीमाता अमर रहे के नारे लगाए गए।



मिनीमाता की पुण्यतिथि पर शहर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजली

पूर्व मंत्री धनेश पाटिला नमन करते हुए कहा हम कांग्रेसजनों लिए गौरव की बात है कि निचले और गरीब वर्ग लोगों की तकलीफ को सुनकर उनके पास जाकर उनके उत्थान के लिए कार्य किया। उनके सिद्धांतों पर चलना और प्रचार करना जरूरी है, उनकी बातें पर स्मरण करना प्रेणादायक विचारों पर काम करना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि है। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि मीनाक्षी देवी जिन्हें हम आज ममतामयी मिनीमाता के नाम से जानते हैं, उन्हें प्रथम महिला सांसद होने का गौरव प्राप्त था। उन्होंने हमेशा समाज के उत्थान की दिशा में कार्य किया। मिनीमाता ने बाल विवाह, दहेज प्रथा, गरीबी और अशिक्षा दूर करने के लिए संसद में लगातार आवाज उठाई। मिनीमाता सदभावना और ममता की प्रतिमूर्ति थी। जिन्होंने समाज की कुरीतियों को दूर करने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। मिनीमाता का जीवन सदैव हमें प्रेरणा देता रहेगा।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने मिनी माता को नमन करते हुए कहा कि उनके द्वारा राष्ट्र व प्रदेश के लिए जो कार्य किया है, वह अविस्मृरणीय रही। पांच बार अविभाजित मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ से प्रथम सांसद चुनी गई। सांसद रहते उन्होंने समाज व मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए कई काम किए। हम गौरवान्वित है कि छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद मिनीमाता कांग्रेस से थी। इस दौरान प्रमुख रूप से संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, पूर्व युवा आयोग अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, हेमा देशमुख, ननि नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पंकज बांधव, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, झम्मन देवांगन, बबलू कसार, प्रतिमा बंजारे, पूर्णिमा नागदेवे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### कला उत्सव प्रतियोगिता में गायत्री विद्या मंदिर के बच्चों ने जीत का परचम लहराया



राजनांदगांव (दावा)। विगत दिनों युवा कला उत्सव के तत्वावधान में शहीद विनोद चैबे मेमोरियल ऑडिटोरियम में विभिन्न विधाओं में कला उत्सव प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें गायत्री विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर अनेक पुरस्कार बटोरे, जिसें तबला वादन में शंकर साहू प्रथम, कहानी वाचन में मेघा साहू प्रथम, त्रिवेदी संचानिया ने बाँस शिल्प से बस्तर आर्ट बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रूपाली साहू ने शानदार मुक अभिनय (माइम) की प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। गौरी पटेल को चित्रकारी में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। एकल गीत गायन में कशिश चंदेल को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। गायत्री विद्या मंदिर के बच्चों की शानदार प्रदर्शन पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ. बृजकिशोर सुरजन, रक्षक नंदकिशोर सुरजन ने विजेता बच्चों को बधाई दी।

# जिले में स्कूलों में सायबर सुरक्षा परववाड़े का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पुलिस विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जिले के शासकीय एवं निजी विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरी बालिकाओं को साईबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने साईबर सुरक्षा पखवाड़े का आयोजन किया गया। पुलिस विभाग की सायबर सेल की टीम द्वारा जिले की सभी सात परियोजनाओं में स्कूलों का चयन कर साईबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। जागरूकता कार्यक्रम के तहत साईबर बुलिंग, सायबर ग्रुमिंग, ऑनलाईन गेमिंग, डिजिटल अरेस्ट, हैकिंग, ट्रेडिंग, कॉल क्लोनिंग, साईबर ठगी, फर्जी वॉइस कॉल एवं वीडियो कॉल, घर बैठे लोन, वर्क फ्रॉम होम जैसे जालसाजों के झांसे में नहीं आने के लिए सतर्क किया गया। साथ ही सोशल मीडिया एवं ऑनलाईन शॉपिंग का सावधानीपूर्वक उपयोग करने की सलाह दी गई।

सायबर सुरक्षा पखवाड़े का आयोजन शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मनेरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहड़, सोमनी महाविद्यालय एवं सोमनी पब्लिक स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बादराटोला, स्वर्गीय विशेश्वर प्रसाद यादव शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बापूटोला चिचोला, शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय लाल बहादुर नगर, रामदयाल कंवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवकट्टा, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खैरझिटी, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पदुमतरा, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवागांव, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बासुला एवं डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर में किया गया।

# अछोली में प्रतिमा खंडित करने का मामला, रविंद्र रामटेके की कड़ी चेतावनी से हड़कंप

*जब तक दोषियों को सजा नहीं मिलती है, तब तक अनुसूचित जाति मोर्चा की लड़ाई जारी रहेगी*

राजनांदगांव (दावा)। जिले के अछोली स्थित सुदर्शन पर्वत पर एक प्रतिमा को खंडित किए जाने की घटना ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। इस घटना ने एक बार फिर रविंद्र रामटेके जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा को सुर्खियों में ला दिया है। रामटेके ने इस कृत्य की घोर निंदा करते हुए इसे 'विकृत मानसिकता का परिचय' बताया है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनके तीखे तेवरों ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बना दिया है।

### अखंडित प्रतिमा को खंडित करने पर रविंद्र रामटेके का कड़ा रुख



श्री रामटेके ने कहा कि इस तरह की घटनाओं के पीछे कुछ असामाजिक तत्व हैं, जो अनुसूचित जाति के महापुरुषों और प्रतीकों का अपमान कर उनकी भावनाओं को भड़काना चाहते हैं। उन्होंने कहा 'यह सिर्फ एक मूर्ति को तोड़ना नहीं बल्कि पूरे समाज की आस्था पर हमला है।' श्री रामटेके ने यह भी याद दिलाया कि कोरोना काल में जब समाज संकट में था। तब सुदर्शन समाज ने अपनी जिम्मेदारी निभाई थी।

उन्होंने कहा कि ऐसे में अछोली के सुदर्शन पर्वत पर प्रतिमा को खंडित करना किसी भी अपराध से बढ़कर है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### दोषियों के लिए कड़ी सजा की मांग

रविंद्र रामटेके ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर ऐसी सजा दी जाए। जो दूसरों के लिए एक सबक बने, उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा हम इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेंगे।

जब तक दोषियों को सजा नहीं मिलती है तो अनुसूचित जाति मोर्चा की लड़ाई जारी रहेगी। श्री रामटेके के इस मजबूत और स्पष्ट रुख ने उन्हें समुदाय के एक प्रभावशाली नेता के रूप में स्थापित कर दिया है, जो अपने समाज के सम्मान के लिए लड़ने को तैयार हैं।

# महिला उत्पीड़न एवं निवारण अधिनियम पर दी जानकारी

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) योजना अंतर्गत महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित लैंगिक संवेदनशीलता पर सात दिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत महिला उत्पीडन एवं निवारण अधिनियम 2005 पर व्याख्यान हेतु 5 अगस्त को मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत्त सुबेदार मेजर एवं अधिवक्ता अशोक कुमार पांडे उपस्थित थे।




अधिवक्ता श्री पांडे ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को बताया कि आजादी के बाद से सरकार ने महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा से संबंधित अनेक कानून एवं अधिनियम बनाये गये है। जिनमें प्रमुख रूप से दहेज प्रताड़ना अधिनियम एवं पास्को एक्ट समान कार्य समान वेतन, बाल विवाह निषेध अधिनियम आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। अधिवक्ता श्री पांडे कार्यशाला में उपस्थित छात्राओं को अपने अधिकारों से सचेत रहने तथा अधिकारों की सुरक्षा के लिए तत्पर रहने का आव्हान किया।

कार्यशाला में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में मुख्य वक्ता का सवागत के सथ ही कार्यशाला के विषय की गंभीरता एवं महत्ता को रेखांकित किया। कार्यशाला में लगभग 80 छात्राएं लाभांवित हुई। कार्यशाला में सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान करते हुए महाविद्यालय के प्राध्यापकगण गौरव तिवारी, पूर्वेश बांधव तथा तूलिका चक्रवर्ती ने अपना योगदान दिया।

अंत में आईक्यूएसी समन्वयक डॉ.आर.आर.कोचे ने आमंत्रित मुख्य वक्ता के साथ कार्यशाला में छात्राओं के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य वक्ता श्री पांडे को महाविद्यालय परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

# दावा-आपत्ति 18 अगस्त तक

राजनांदगांव (दावा)। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार पीएमश्री योजना अंतर्गत जिले के 7 प्राथमिक शाला एवं 4 हायर सेकेण्डरी शालाओं कुल 11 शालाओं में अंशकालीन योग-खेल शिक्षक-प्रशिक्षक की सेवाएं लेने के लिए निर्धारित योग्यताधारी आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदन पत्रों की स्कूटनी उपरांत पात्र-अपात्र आवेदकों की सूची जारी की गई है। सूची के संबंध में दावा-आपत्ति 18 अगस्त तक प्रस्तुत की जा सकती है। पात्र-अपात्र आवेदकों की सूची का अवलोकन जिला परियोजना कार्यालय के कक्ष क्रमांक 112 के सूचना पटल पर किया जा सकता है।

# मदनवाड़ा में माओवादी मुठभेड़, स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर और डीवीसी मेंबर के ढेर होने की खबर

राजनांदगांव (दावा)। मानपुर के मदनवाड़ा क्षेत्र के कांकेर-बस्तर सीमा से लगे मंडा पहाड़ में संयुक्त सुरक्षाबल के साथ मुठभेड़ में दो बड़े माओवादी कैडर के मारे जाने की खबर सामने आ रही है। मारे गए कैडर्स में आरकेबी डिवीजन में मौजूद रहे स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर विजय रेड्डी विजय रेड्डी और डीवीसी मेंबर लोकेश सलामे शामिल बताए जा रहे हैं। संयुक्त सुरक्षा बल ने भारी बारिश के बीच इस ऑपरेशन को अंजाम दिया है। शवों को रात तक मोहला मुख्यालय लाए जाने की संभावना है। पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि दो शवों को बरामद किया गया है इनकी शिनाख्त की जा रही है।



बताया जा रहा है कि यह मुठभेड़ बुधवार की दोपहर मदनवाड़ा क्षेत्र के ग्राम रेतेगांव व कारेकट्टा के बीच मंडा पहाड़ के जंगल में दोपहर को तब शुरू हुई जब टीम सर्चिंग आपरेशन के लिए पहुंची। शाम तक फायरिंग बंद होने के बाद जवानों आसपास सर्च ऑपरेशन शुरू किया। जहां स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर विजय रेड्डी और डीवीसी मेंबर लोकेश सलामे के शव बरामद किए गए हैं। जंगल में कुछ और जगहों पर खून के निशान मिले हैं। पुलिस का मानना है कि, मौके से कुछ माओवादी छिपकर भाग खड़े हुए।

जानकारी है कि इंटेलिजेंस ने इस इलाके में माओवादियों की मौजूदगी की पुष्टि की थी। इसके बाद उन्हें घेरने रणनीति बनाई गई। इसमें लोकल इनपुट्स की भी मदद ली गई। मारे गए स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर विजय रेड्डी यहां माओवादी कैडर्स में सबसे ज्यादा प्रभावशाली था। वह फंडिंग के अलाव माओवादी रणनीतियां तैयार करता था। वहीं मोहला-मानपुर पुलिस दो सालों से लोकेश सलामे के आत्मसमर्पण का प्रयास कर रही थी। इसे लेकर उसके लोकेश के स्वजनों तक भी पहुंची थी जहां परिवार ने लोकेश को लौट आने की अपील की थी। गौरतलब है कि, यह मुठभेड़ माओवादी कमांडर श्रीकांत पुनेम उर्फ सुकनाम पुनेम को पांच दिनों पहले ही खुर्सेखुर्द से गिरफ्तार किए जाने के बाद हुई है।

# स्वतंत्रता दिवस से पूर्व जिलेभर में तिरंगा यात्रा की धूम, देशभक्ति के रंग में रंगा हर कोना

**0 शहर के विभिन्न स्थानों से धूमधाम से निकली तिरंगा यात्रा, विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा रैली**

**0 आज अंतर्राष्ट्रीय हाकी स्टेडियम से स्वतंत्रता दौड़**

राजनांदगांव (दावा)। देश की 79 वां स्वतंत्रता दिवस के पूर्व शहर सहित जिले भर में तिरंगा यात्रा की धूम बनी हुई है। शहर में जहां जिला भाजपा की ओर से तिरंगा यात्रा निकाला गया वह महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। इसी तरह ग्राम तिलई के अलावा छुरिया विकास खंड के ग्राम हैदलकोडो स्कूल शासकीय स्कूल करमरी शहर के ठा. उ.मा. शाला तेलिनबांधा सहित प्यारेलाल सिंह स्कूल, अन्य ग्रामों में भी तिरंगा यात्रा की धूम बनी रही। जिसमें विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता के संदेश व महत्व को समझाया गया वहीं स्वच्छ भारत का भी संदेश दिया गया। इस दौरान महापौर मधुसूदन यादव सहित पार्षदगण व अन्य जागरुक नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस प्रसंग पर गौरव पथ स्थित अंतरराष्ट्रीय हाकी स्टैडियम से आज प्रातः 7 बजे स्वतंत्रता दिवस दौड़ का आयोजन किया गया है। जिसमें शामिल होने के लिए लोगो को आग्रह किया गया है। शहर में आज 14 अगस्त को नमन भारत व वीर शहीदों को सलाम कार्यक्रम की भी धूम बनी रहेगी। उपरोक्त आयोजनों से पूरा माहौल देश प्रेम व राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत बना रहेगा।

शहर के गायत्री शक्तिपीठ से निकाली गई तिरंगा यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत पूर्व भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र गोलछा, पार्षद मणि भास्कर गुप्ता, शरद सिन्हा, दामू भूतड़ा आदि सहित बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे। बताया जा रहा है कि महापौर मधुसूदन यादव के नेतृत्व में नगर निगम से भी विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इधर सांसद संतोष पाण्डे ने भी ग्रामीण क्षेत्र से धूमधाम के साथ तिरंगा यात्रा निकाल जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व भाजपाईयों की उपस्थिति रही।

बता दें कि स्वतंत्रता दिवस के पूर्व शहर के विभिन्न स्थानों से निकाली गई तिरंगा यात्रा में मोर तिरंगा मोटर अभिमान की गूंज रही। इस दौरान हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता का संदेश दिया गया। तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों के दिलों में देश भक्ति की भावना हिलोरे मार रही थी।

## देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा



हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक तिरंगा रैली निकाली जा रही है। देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और स्वच्छता के प्रति जनचेतना को सशक्त बनाने के लिए तिरंगा रैली में नागरिक बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। इसी कड़ी में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव उल्लास और खुशी के साथ आजादी के उत्सव को मनाने के लिए ग्राम बिलहरी, खुदमुडी, खैरा, पेंड्री, अन्यानवागांव, रूआतलाव, सलटिकरी, गाढ़ाभंवर, कोलिहापुरी, कतुलवही, मुसराकला लगभग 10 किलोमीटर की भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल हुई। उन्होंने नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों में तिरंगा लाने और देश की स्वतंत्रता के जश्न में तिरंगे को गर्व से फहराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय ध्वज केवल एक प्रतीक नहीं है, बल्कि हमारे सामूहिक गौरव और एकता का एक गहरा प्रतिनिधित्व है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से स्वतंत्रा के संदेश एवं महत्व को बताया गया।

# गुजराती स्कूल में प्री-स्वतंत्रता दिवस समारोह एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव में सन् 1957 से संचालित गुजराती राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक शाला में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में प्री-स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अलग-अलग वेशभूषा पहनकर देशभक्ति का परिचय दिया और देशभक्ति गीतों में नृत्य किया।

नन्हे-नन्हे बच्चों ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता का जयकारा किया और देशभक्ति का परिचय दिया। गुजराती लोहाणा महाजन समाज की प्रेसिडेंट एवं बोर्ड मेंबर श्रीमती दिव्या नगदिया एवं श्रीमती मधु काथराणी ने निर्णायक की भूमिका अदा की।

साथ ही साथ गुजराती स्कूल कार्यकारिणी छात्र संघ का भी शपथ समारोह में रोहन कन्नौज हेड बॉय, स्वीकृति धीवर हेड गर्ल, जागृति देवांगन डिसिप्लिन इंचार्ज, मयंक सोनकर डिसिप्लिन इंचार्ज, मुकेश सिन्हा डिसिप्लिन इंचार्ज, शिवम कुशवाहा साइंस इंचार्ज, विकास निर्मलकर साइंस इंचार्ज, शुभम शर्मा कल्चरल इंचार्ज, सिद्धि सेन कल्चरल इंचार्ज, निशा सोनकर भारद्वाज हाउस इंचार्ज, बलवंत सोनी भारद्वाज हाउस इंचार्ज, वैष्णवी नामदेव द्रोणाचार्य हाउस इंचार्ज, नोहर साहू द्रोणाचार्य हाउस इंचार्ज, गरिमा साहू गौतम हाउस इंचार्ज, हिमांशु गजभिये गौतम हाउस इंचार्ज, प्रियंका साहू विश्वामित्र हाउस इंचार्ज, भावेश यादव विश्वामित्र हाउस इंचार्ज, मिथलेश साहू एनवायरमेंट इंचार्ज, आयुष नामदेव एनवायरमेंट इंचार्ज, मुस्कान यादव एनवायरमेंट इंचार्ज, सिया पात्रे एनवायरमेंट इंचार्ज, सुयश रामटेक बैंड इंचार्ज, जतिन ठाकुर बैंड इंचार्ज बनाए गए।

प्राचार्या श्रीमती सुषमा शुक्ला ने शपथ दिलवाई। मंच का संचालन राजेंद्र सोनी, वंदना सोनकर एवं आंचल साहू ने किया। संस्था के अध्यक्ष विनय पटेल, सचिव सीए श्रीमती रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, बोर्ड मेम्बर्स सूरज बुद्धदेव, पीयूष पटेल एवं अन्य सदस्यगण तथा शाला की उपप्राचार्या श्रीमती अर्पणा श्रीवास्तव एवं शिक्षावृन्द ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त जानकारी भारती सोनकर मैडम ने दिया।

# श्री श्यामकुटी परिवार ने सद्गुरू मां का त्रि-दिवसीय जयंती हर्षोल्लास से मनाया



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी शहर के श्रीदासीश्याम मंडल एवं श्रीश्यामकुटी परिवार ने अपनी श्री सद्गुरू मां का 3 दिवसीय जयंती पर्व बड़े प्रेम, श्रद्धा, उमंग व उत्साह से मनाया। इन 3 दिनों में सत्संग, किर्तन के साथ पूरे भाव से प्रसादी ग्रहण कर अपनी-अपनी सेवाओं को बखुबी निभाया, सेवा कार्य में महिलाओं, युवतियों एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 11 अगस्त से शुरू जयंती पर्व 13 अगस्त की पूरी रात को अपने गुरू मां का गुणगाण व अर्जी, फरीयाद के साथ अपनी-अपनी विनती को अपनी श्री सद्गुरू मां के समक्ष रखा और अपने दरबार का सेवक बनाये रखने के लिए उनसे प्रार्थना की। जयंती पर्व के अंतिम दिवस पर श्री दासीश्याम की ज्योत समस्त भक्तजनों ने ली इस ज्योत का भक्तजन बड़ा ही महत्व रखते व बताते है। 13 अगस्त को अग्रसेन भवन में हजारों भक्तों ने भोजन प्रसादी ली। स्टेशन पारा के श्री शक्तिधाम में स्थानीय भक्तों द्वारा स्वलिखित भजनों व गुरूवंदना का गायन किया। भजन गाने में मुख्य रूप से श्रीमति रजनी शर्मा, विनोद शर्मा, अनिल शर्मा, पीयूष शर्मा, रोहित शर्मा व राजेश शर्मा के साथ भक्तजन थे। पूरी रात हुए कीर्तन व भजनों में उपस्थित श्रद्धालुजन बड़े ही आनंदित व प्रफुल्लित दिखाई दिये भजनों की धुन पर नृत्य कर अपने गुरूमां को रिझाते रहे। सुबह 6 बजे आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण हुआ और बीच में चाय, नमकीन, पुड़ी, सब्जी व आचार का भी लुत्त उठाते रहे।

## आज स्वतंत्रता दिवस दौड़ का आयोजन

देश की 79 वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज 14 अगस्त को लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाने और एकता का संदेश देने शहर के अंतर्राष्ट्रीय हाकी स्टैडियम गौरव पथ से स्वतंत्रता दिवस दौड़ का आयोजन किया गया है। आज गुरुवार की सुबह 7 बजे आयोजित स्वतंत्रता दौड़ अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान से प्रारंभ होकर गौरव पथ रोड से वीआईपी रोड होते हुए भदौरिया चौक, दिग्विजय स्टेडियम के सामने से वापस वीआईपी रोड होते हुए पुनः अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान मे समापन होगा। स्वतंत्रता दौड़ में जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, खिलाडियों, खेल संघ के पदाधिकारियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने का आग्रह किया गया है।

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर सतर्क हुई पुलिस, सघन जांच अभियान जारी

**जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा की जा है चेकिंग**



राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर शहर सहित जिले भर में कहीं कोई अप्रिय घटना न होने पाएं इसलिए पुलिस सतर्क हो गई है और शहर के चप्पे-चप्पे सहित जिले भर के विभिन्न स्थानों की जांच तेज कर दी गई है। इस जांच कार्रवाई मे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और बाजारों को भी दायरे में लिया गया है और इसकी पुरी गंभीरता के साथ सघन जांच की जा रही है। इसके अलावा पुलिस द्वारा संदिग्ध लोगों पर खास नजर रखी जा रही है। इस कार्रवाई के तहत राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन/डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशनों पर बीडीएस डीम और डॉग स्काड टीम द्वारा जांच की जा रही है।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता दिवस के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से राजनांदगांव पुलिस द्वारा बुधवार आज 14 अगस्त को जिले भर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जिले के सभी प्रमुख मार्ग, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, भीड़भाड़ वाले बाज़ार एवं संवेदनशील स्थलों पर व्यापक तलाशी व जांच की गई। राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन एवं डोंगरगढ़ रेल्वे स्टेशन में डॉग स्काड और बीडीएस टीम द्वारा संघन चेकिंग की गई।

# विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का जिले में दो दिवसीय दौरा



**त्रिनेत्र कंट्रोल रूम का उद्घाटन सहित विभिन्न कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत**

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आज शहर सहित जिले के विभिन्न स्थानों में दौरा कार्यक्रम आयोजित है। उक्त कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए डॉक्टर सिंह आज 14 अगस्त को साढ़े 12 बजे रायपुर स्थित अपने निवास स्थान शंकर नगर से कार द्वारा दुर्ग भिलाई व राजनांदगांव के लिए प्रस्थान करेंगे।

श्री सिंह डेढ़ बजे जिला दुर्ग के महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर भिलाई पहुंचकर वसुंधरा सम्मान समारोह में शिरकत करेंगे। इसके बाद ढाई बजे का समय उनका विश्राम गृह दुर्ग के लिए आरक्षित हैं। वहां से श्री सिंह कार द्वारा साढ़े 3 बजे प्रस्थान कर 4.15 बजे राजनांदगांव पहुंचेंगे तत्पश्चात शाम 6 बजे उनके हाथों पुलिस अधीक्षक कार्यालय समीप स्थित त्रिनेत्र कंट्रोल रूम का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित है। वहां से वे साढ़े 6 बजे निकल कर शहर स्थित विधानसभा अध्यक्ष निवास पहुंचेंगे जहां उनका रात्रि विश्राम होगा। दूसरे दिन 15 अगस्त की सुबह साढ़े 8 बजे यहां से कार द्वारा प्रस्थान कर 8.55 बजे शौर्य मैदान पीटीएस ग्राउंड पहुंचेंगे जहां व स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम पश्चात सुबह 11 बजे वहां से प्रस्थान कर 11.10 बजे में हेलीपैड आगमन तथा वहां वृक्षारोपण व गेस्ट हाउस का लोकार्पण करेंगे। तत्पश्चात दोपहर 11.45 बजे का समय विधानसभा अध्यक्ष निवास आगमन के लिए आरक्षित हैं। वहां से श्री सिंह 12 बजे प्रस्थान कर 12.20 बजे वे कार द्वारा सीधे डोंगरगांव के लिए प्रस्थान करेंगे वहां उनके हाथों प्रशांत होलसेल बाजार का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित है। तत्पश्चात डोंगरगांव से 1 बजे प्रस्थान कर कार द्वारा अपराह्न 3 बजे तक विधानसभा अध्यक्ष निवास शंकर नगर रायपुर आगमन होगा। उक्त समय उनके लिए आरक्षित हैं।




# करंट लगने से बिजली ठेकाकर्मी की हुई मौत

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कुमर्दा सब स्टेशन में करंट लगने से मंगलवार सुबह ठेकाकर्मी ग्राम अछोली निवासी 22 वर्षीय सोमनाथ साहू की करंट लगने से मौत हो गई। हादसे ने बिजली कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए है। बताया जाता है कि मंगलवार सुबह 10.30 बजे सब स्टेशन में मेंटेनेंस चल रहा था। इसी दौरान सोमनाथ करंट की चपेट में आ गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में पेंड्री मेडिकल कालेज राजनांदगांव रेफर कर दिया गया, जहां से उसे मृत घोषित कर दिया।

बताते चलें कि बिजली मरम्मत कार्य से पूर्व बिजली लाईन को बंद करने की पुष्टि की जाती है लेकिन इस मामले में यह जांच का विषय है कि कार्यरत कर्मचारी क्या सेफ्टी बेल्ट, ग्लब्स, हेलमेट और इंसुलेटेड टूल पहने हुए थे या नहीं। अगर नहीं तो इसकी जिम्मेदारी किसकी है। ठेकेदारी में कार्य करने वाले कर्मचारी अपने स्तर पर विद्युत प्रवाह बंद या चालू नहीं कर सकते। ऐसे में उस समय बिजली प्रवाह बंद करने का आदेश किसने दिया और आदेश के बाद प्रवाह की दोबारा चेक क्यों नहीं किया गया। इस तरह कर्मचारी की मौत का जिम्मेदार कौन है इसकी जिम्मेदारी लेने बिजली विभाग के अधिकारियों क्या सामने आएंगे। या फिर ठेका कर्मचारी की मौत ऐसे ही बगैर जिम्मेदारी के अनदेखी की भेंट चढ़ जाएगा।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com